फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 77 प्रभात जयपुर, मंगलवार 17 अक्टूबर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**ISRAEL HAS BEEN OUT THOUGHT...** Avigdor Lieberman had warned "We are buying quiet for the short term at the price of serious damage to national security in the long term".

**Weight Loss Smoothies** Turn your body into a hyper-efficient fat-burning machine by revving up your metabolism.



*वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में तोते की एक प्रजाति, ब्लैक काकातू (कॉकटू) बेहद आम हैं। कार्नबी, बॉडिन और फॉरेस्ट रैड टेल्ड ब्लैक काकातू, ये सभी यहाँ सहज सुलभ हैं। लेकिन, दुर्भाग्यवश ये खूबसूरत पंछी ज्यादा दिन नज़र नहीं आएंगे। वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में ब्लैक काकातू की तीन प्रजातियाँ वर्तमान में संवेदनशील, संकटग्रस्त और गंभीर रुप से संकटग्रस्त लिस्ट में अधिसूचित हैं। इनकी आबादी तेजी से घट रही है। कुछ वैज्ञानिकों ने यह भविष्यवाणी तक कर दी है कि, ये जल्दी ही लुप्त हो सकते हैं। काराकिन ब्लैक काकातू कंज़र्वेशन सैंटर की क्लोई बाल्सली, डार्लिंग रेंज वाइल्डलाइफ शैल्टर और काराकिन में स्वयं सेवक हैं। इनका समूह ब्लैक काकातू को लुप्त होने से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। अत्यधिक खूबसूरत ब्लैक काकातू बहुत ही मस्तमौला पक्षी हैं, उनके आस-पास जो भी होता है उससे उनका भावात्मक रिश्ता बन जाता है। इसलिए इन पक्षियों को मारा जाना ज्यादा दर्दनाक है। क्लोई कहती हैं कि, आवास विनाश व जंगलों का विखण्डन ब्लैक काकातू के लिए सबसे बड़ा खतरा है। मूल आवास नष्ट होने से ब्लैक काकातू को भोजन के लिए दूर तक जाना पड़ता है, इस कारण उनके लिए खतरा बढ़ रहा है। यात्रा में कई छोटे पक्षी तो खो जाते हैं। क्लोई ने कहा, '' हमें कई कार्नबी काकातू बीमार अवस्था में भी मिले हैं। कीटनाशक दवा वाली कैनोला फसलों को खाने से इन्हें काकातू हाइन्डलिंब पैरालिसिस सिंड्रोम हो जाता है। इसके अलावा रेवन्स (काले कौए) भी प्रायः इन पर हमला कर देते हैं। इन घायल व बीमार पक्षियों का पुनर्वास हो सकता है, पर यह एक लम्बी प्रक्रिया है। ब्लैक काकातू पेड़ों के कोटर में घर बनाते हैं। कोटर बनने में कई साल लग जाते हैं, और अगर जंगल कटते रहे तो इनके लिए घोंसला बनाने की जगह ही नहीं बचेगी। ब्लैक काकातू का सांस्कृतिक महत्व भी है। स्थानीय कबीलों के सरदार इनके पंखों को सिर पर धारण करते हैं। कार्नबी ब्लैक काकातू को वर्षा का अग्रदूत माना जाता है। कीट पतंगों को खाकर ये जंगल को सुरक्षित रखते हैं, बीजों को दूर तक फैलाते हैं और पर्यावरण की मदद करते हैं।*

# गहलोत के पर कतरने का ब्लूप्रिंट तैयार किया आलाकमान ने

## 50 प्रतिशत विधायकों के टिकट काटे जाएंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। कांग्रेस नेतृत्व ने अशोक गहलोत के पर कतरने के तैयारी कर ली है। ऐसी उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी के 50 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काटे जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस में उच्चतम स्तर पर मोटे तौर पर यह समझौता हुआ है।

कांग्रेस के अपने विश्लेषक सुनील कानूगोलू ने अपने सर्वेक्षण में स्पष्ट कहा कि पार्टी को अपने 102 विधायकों में से 50 प्रतिशत को हटाना होगा। उन्होंने इन विधायकों के नाम भी दिए हैं और कहा है कि इनके खिलाफ भयंकर एंटी-इंकम्बैंसी है और ये बड़े पैमाने पर चुनाव हारने वाले हैं।

ऐसा समझा जाता है कि राहुल गांधी इस सर्वेक्षण से सहमत हैं और चाहते हैं कि 50 प्रतिशत को टिकट नहीं दिया जाय। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई राहुल गांधी से सहमत हैं और उनकी आज्ञा का पालन करेंगे।

सूत्रों का कहना है कि कि सी.ई.सी. (सैंट्रल इलैक्शन कमेटी) और स्क्रीनिंग कमेटी के अधिकांश बड़े नेताओं का मानना है कि ऐसा होना चाहिए। केवल अशोक गहलोत सहमत नहीं है और इस आधार पर इन विधायकों को वापिस टिकट दिलवाने में ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं कि उन्होंने सरकार बचाने में मदद की।

- सुनील कानूगोलू के सर्वे में साफ कहा गया है कि, 102 विधायकों में से 50 प्रतिशत के टिकट काटना बेहद जरुरी है। सुनील कानूगोलू ने इन विधायकों के नाम भी दिए हैं। कहा जा रहा है कि, इन विधायकों की हार तय है।
- पता चला है कि, राहुल गांधी पूरी तरह से इसी सर्वे का पालन करते हुए और 50 प्रतिशत विधायकों के टिकट काट देना चाहते हैं।
- स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई भी राहुल गांधी से सहमत हैं तथा उनके निर्देशों का पालन करेंगे।
- सूत्रों ने कहा कि, सैंट्रल इलैक्शन कमेटी की बैठक में सभी नेता 50 प्रतिशत विधायकों के टिकट काटने पर सहमत थे, सिवाय गहलोत के, जो एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, अपनी सरकार बचाने वाले विधायकों को टिकट दिलवाने के लिए।
- गहलोत ने अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और अन्य नेताओं से मुलाकात की, पार्टी अध्यक्ष पर दबाव डलवाने के लिए।

गहलोत ने दबाव बनाने के लिए अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और अन्य से भेंट की और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने वाले हैं। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कल होगी और सी.ई.सी. की 18 को, जब पहली सूची की घोषणा की जाएगी।

उद्देश्य है चुनाव जीतने की कोशिश करना, एंटी इकम्बैंसी को हराना और साथ ही अशोक गहलोत को कमजोर करना जो कांग्रेस के हित देखे बिना अपने ही खेल रचते हैं। सूत्रों का कहना है कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व अशोक गहलोत और उनके विधायकों के पर कतरने में लगा है।

# हेमाराम चौधरी को मनाने के लिए एकजुट हुए गुढ़ामालानी के कांग्रेस कार्यकर्ता

## मेला मैदान, गुढ़ामालानी, में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन व धन्यवाद सभा में पूरा दिन हेमाराम चौधरी को मनाने की कवायद चली

गुड़ामालानी, 16 अक्टूबर (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय के मेला मैदान में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन एवं धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हेमाराम चौधरी भी मौजूद थे।

- अन्त में हेमाराम चौधरी ने यह कह कर मामला शांत किया कि, पार्टी जिसे भी क्षेत्र से टिकट देगी, उसके साथ खड़े रह कर हमें उसे जिताना है।
- गौरतलब है कि, हेमाराम चौधरी ने इस बार चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा, मैं गुढ़ामालानी से 6 बार विधायक रह चुका हूँ, अब युवा को मौका दिया जाना चाहिए।
- पर, यह भी वास्तविकता है कि, हेमाराम की क्षेत्र में भारी लोकप्रियता है और सिर्फ वे ही हैं जो यहां भाजपा को टक्कर दे सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि, कांग्रेस नेता हेमाराम चौधरी ने इस बार विधानसभा चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। कई बार सार्वजनिक मंचों पर भी उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि, अबकी बार युवाओं को मौका दिया जाना चाहिए। लेकिन क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग है कि, इस बार वो चुनाव मैदान में उतरें। सोमवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हेमाराम चौधरी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि, गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र की जनता का मेरे ऊपर कर्ज है, जो मैं कभी उतार नहीं सकता हूं। चुनाव मैदान में हार जीत होती रहती है। लेकिन मैं एक किसान का बेटा हूं और किसान का बेटा कभी हार से नहीं डरता है। जनता की बात को मानते हुए मैं विधानसभा क्षेत्र गुड़ामालानी से छह बार चुनाव लड़ चुका हूँ और जीता हूँ। उन्होंने कहा, अब मैंने एक मुंह से मना किया तो उसी मुंह से हां नहीं भर सकता हूं। अगर मैं जनता की बात मानता हूं तो जनता भी मेरी बात को माने अन्यथा मैं भी अन्न जल त्याग दूँगा।

संबोधन के दौरान क्षेत्र की जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग को देखते हुए हेमाराम चौधरी अपनी बात को पूरी किए बिना वापस अपने स्थान पर जाकर बैठ गए। एक बजे से लगाकर पांच बजे तक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओर कार्यकर्ताओं द्वारा हेमाराम चौधरी को मानने का दौर चला। आखिर हेमाराम चौधरी ने वापस मंच पर आकर कहा कि, पार्टी जो तय करेगी एवं जिसको टिकट देगी। उसके साथ खड़े रहकर हमें उसे जिताना है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# देवजी के विरोध में 168 बूथ अध्यक्षों के इस्तीफे

सांचौर, 16 अक्टूबर (निसं)। भाजपा सांसद देवजी पटेल को विधानसभा चुनाव में टिकट दिये जाने से नाराज स्थानीय कार्यकर्ताओं में विरोध दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है।

सोमवार को सांचौर व भाजपा विधानमंडल के 168 पदाधिकारियों ने एक साथ पद से इस्तीफा दे दिया। सांचौर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले 9 क्षेत्रों को भाजपा का शक्ति केन्द्र माना जाता है। सोमवार को इन 9 शक्ति केन्द्रों के 168 भाजपा बूथ अध्यक्षों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया।

- सांचौर विधानसभा क्षेत्र से सांसद देवजी पटेल को टिकट दिए जाने पर विरोध निरंतर जोर पकड़ रहा है। सोमवार को 9 शक्ति केन्द्रों के 168 बूथ अध्यक्षों ने एक साथ इस्तीफे दे दिए।

बूथ अध्यक्षों का कहना है कि, पिछले 5 वर्षों में संगठन के प्रत्येक कार्य भागीदारी से निभाने में पूर्व विधायक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या महुआ मोइत्रा जेल जाने वाली अगली सांसद होंगी?

## राजनैतिक हल्कों में चर्चा है कि, राहुल गांधी व संजय सिंह की तरह महुआ को भी गौतम अडानी पर सवाल उठाने के लिए निशाना बनाया जा रहा है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। कांग्रेस के राहुल गाँधी और आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह के बाद, क्या भाजपा ने उद्योगपति गौतम अडानी पर आक्रमण करने वाली तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को चुप कराने के लिए उनपर जवाबी हमला करने का निर्णय लिया है।

रविवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को लिखे गये पत्र के बाद इस चर्चा ने जोर पकड़ा है। दुबे ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि, बिज़नैसमैन हीरानन्दानी से पैसे लेकर मोइत्रा उनकी तरफ से संसद में प्रश्न पूछती हैं। दुबे की शिकायत एक पत्र पर आधारित है, जो उन्हें मोइत्रा के पूर्व बॉयफ्रैंड व वकील जय अनन्त देहाद्राई से मिला है। जय अनन्त ने, यह दावा करते हुए, सी.बी.आई. में शिकायत दर्ज करवाई है कि, उनके पास इस बात के "अकाट्य सबूत" हैं कि महुआ मोइत्रा हीरानन्दानी से रिश्वत लेती हैं। मोइत्रा के विरुद्ध कार्रवाई की संभावना प्रबल है।

- भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने स्पीकर ओम बिड़ला को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि, सांसद महुआ मोइत्रा पैसे लेकर संसद में सवाल पूछती है
- दुबे ने आरोप लगाया कि, मोइत्रा बिज़नैस टायकून दर्शन हीरानंदानी से पैसे और मंहगे तोहफे लेती हैं और इसके एवज में संसद में मुद्दे उठाती हैं।
- दुबे की शिकायत महुआ के पूर्व मित्र एवं एडवोकेट जय अनंत देहाद्राई के पत्र पर आधारित है, जिसने सी.बी.आई. में शिकायत दर्ज कर इस संबंध में सबूत होने की बात कही है।
- यही नहीं, मोइत्रा की निज़ी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल की गई हैं।

हीरानन्दानी ने इन आरोपों का खण्डन किया है, वहीं, मोइत्रा ने दुबे, एडवोकेट देहाद्राई तथा कई मीडिया संगठनों को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। देहाद्राई के साथ ब्रेकअप के बाद, कृष्णा नगर से सांसद, मोइत्रा ने एडवोकेट के विरुद्ध पुलिस कम्प्लेंट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि, एडवोकेट ने उनके निवास में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया और एक मौके पर तो उनका कुत्ता भी चुरा लिया, जिसे बाद में लौटा दिया। देहाद्राई के आग्रह पर मोइत्रा ने कम्प्लेंट वापस ले ली थी। फायनैन्शियल टाइम्स में,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यू.पी. सरकार को नोटिस दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा। खेड़ा ने यह याचिका उस एफ.आई.आर को निरस्त

- खेड़ा ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के17 अगस्त के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इहालाबाद हाई कोर्ट ने मोदी के नाम का गलत उच्चारण करने के मामले में दर्ज एफ. आई.आर. रद्द करने की खेड़ा की याचिका खारिज कर दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.जे.आई. की टिप्पणी से मिला आईडिया, आप को शराब घोटाले का आरोपी बनाएगी ई.डी. व सी.बी.आई.

## भारत के मुख्य न्यायाधीश, डी. वाय. चंद्रचूड़ ने मनीष सिसोदिया के केस की सुनवाई करते समय कहा था, अगर सिसोदिया पर पार्टी के लिए पैसे लेने का आरोप है, तो पार्टी को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की मुसीबतें बढ़ने वाली हैं क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) और सी.बी.आई. ने सुप्रीम कोर्ट को सोमवार को कहा कि वे पार्टी को भ्रष्टाचार एवं मनी लॉण्डरिंग के उस मुकदमे में आरोपी बनाने जा रहे हैं जिसमें दिल्ली की आबकारी नीति के तहत गत वर्ष बहुत बड़ा घोटाला हुआ था।

यह आइडिया असल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी.वाय. चंद्रचूड़ से मिला, जब एक सुनवाई के दौरान उन्होंने एजेंसियों से पूछा कि यदि मुकदमा यह है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अपनी पार्टी के लिए पैसा इकट्ठा कर रहे थे तो आप को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया।

दोनों जांच एजेंसियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरक्ति सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने जस्टिस संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की बैंच को कहा कि उन्हें यह वक्तव्य देने के निर्देश मिले हैं कि "हम आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने की तैयारी कर रहे हैं और प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट तथा प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉण्डरिंग एक्ट की धारा 70 के तहत आरोप निर्धारित कर रहे हैं।

- इस केस में ई.डी. और सी.बी.आई. का प्रतिनिधित्व कर रहे एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, एस.वी. राजू ने कहा कि, हम आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाने पर विचार कर रहे हैं।
- राजू ने कहा, प्रिवेंन्शन ऑफ मनी लॉण्डरिंग एक्ट की धारा 70 और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत आप को आरोपी बनाया जा सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट की, जस्टिस संजीव खन्ना एवं एस.वी.एन. भट्टी की बैंच ने राजू से पूछा कि, ई.डी. व सी.बी.आई. जिस केस की जांच कर रही हैं, क्या उसमें आप के खिलाफ अलग से आरोप तय होंगे। बैंच ने कहा कि, बहुत सर्तकता से और सटीक तरीके से मंगलवार को अपना जवाब दें।

लेकिन बैंच ने उन्हे मंगलवार को यह स्पष्ट करने के लिए कहा कि क्या इन दोनों एजेंसियों द्वारा जांच किए जा रहे मामले में आप के विरूद्ध अलग आरोप होंगे। राजू ने कहा कि भ्रष्टाचार और मनी लॉण्डरिंग केस में आरोप अलग होंगे लेकिन उन्हीं अपराधों के लिए।

जस्टिस खन्ना ने कहा, "ध्यान रखिए, सटीक निर्देश लीजिए और मंगलवार को बताइए कि आरोप वे ही होंगे या अलग।"

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने यह बयान तब दिया जब बैंच शराब घोटाले में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आप के वरिष्ठ सांसद संजय सिंह भी इसी मामले में गिरफ्तार हुए हैं और अभी जेल में हैं।

# चुनावी मौसम में कोयला संकट से घिरा राजस्थान

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ की कोयल खदान में उत्पादन बंद होने के कारण राजस्थान में कोयले की कमी आ गई है, जहां चुनाव होने

- बताया जाता है कि, यह संकट छत्तीसगढ़ सरकार की लापरवाही का नतीजा है। हैरानी की बात है कि, राजस्थान की तरह छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सरकार है फिर भी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्थान सरकार के तमाम आवेदनों की अनदेखी की।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अधर्म की सेना का सेनापति झूठ है। जहाँ झूठ पहुँच जाता है वहाँ अधर्म-राज्य की विजय-दुंदुभी अवश्य बजती है। –सुदर्शन**

# हमास की हैवानियत

7 अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी में शासन कर रहे, हमास ने इजराइल के सीमावर्ती क्षेत्रों में सैंकड़ों रॉकेट दागे जिसके कारण 1000 से अधिक इसराईली नागरिक मारे, गए इनमें बड़ी संख्या में महिला एवं बच्चे शामिल हैं । साथ ही हमास के आतंकवादी इजरायल की सीमा पार करके इजराइल में घुस गए और अंधाधुंध गोलाबारी कर इजरायली लोगों को निशाना बनाया। उत्सव मना रहे इजराइली नागरिकों को अंधाधुंध गोलियों से मार डाला। न केवल यह, घरों से औरतों को घसीट कर ले गए और बच्चों तक को भी नहीं छोड़ा । कहा जाता है कि 200 से अधिक इसराइली नागरिक हमास के कब्जे में हैं।

इस आतंकवादी हमले की पूरे विश्व में निंदा हो रही है। कुछ लोग इसे फिलिस्तीनियों के साथ इजरायल द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया का रूप बता कर इसकी गंभीरता को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। पाठकों के लिए जानना बहुत आवश्यक है कि फिलीस्तीन के स्वतंत्रता आंदोलन और हमास को एक दृष्टि से देखना गलत है। भारत फ़िलीस्तीन के आंदोलन को सदैव समर्थन देता रहा है और ऐसा ही अब भी कर रहा है। यह उल्लेखनीय है कि 2006 के चुनाव में गाजा पट्टी राज्य में हमास ने विजय प्राप्त की जब कि वेस्ट बैंक में फाताह की सरकार है। फिलिस्तीन को समर्थन देना अलग बात है और हमास की निंदा करना अलग विषय है। 2007 से ही फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमास नामक संगठन का प्रभुत्व यहां चला आ रहा है । फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक वाले हिस्से में फिलहाल कोई समस्या नहीं थी और विश्व के कई देश फिलीस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फ़िलीस्तीन की सरकार का मुख्यालय रामल्ला है। इसराइल अभी भी फिलीस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मानने से इनकार करता है। इसराइल और फिलीस्तीन के बीच में विवाद पुराना है और इसका हल निकालना आवश्यक है, जिसके लिए प्रयास निरंतर जारी है। भारत सदैव से फिलिस्तीन के साथ खड़ा रहा है और उनके आंदोलन को अपनी ओर से नैतिक समर्थन भी देता रहा है। फिलिस्तीन के पूर्व राष्ट्रपति अराफात के साथ भारत के संबंध अच्छे रहे हैं। वर्तमान में भी भारत सरकार ने फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है।

जो लोग इस विषय को उलझाना चाह रहे हैं वे हमास द्वारा किए गए हमले को फिलिस्तीन की समस्या से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि ऐसा वास्तव में नहीं है। गाजा पट्टी फिलिस्तीन के एक छोटे से भाग का नाम है जिसका क्षेत्रफल कुल 365 वर्ग किलोमीटर है। यहां की जनसंख्या लगभग 25 लाख है।

गाजा में प्रवेश करने के केवल दो ही रास्ते हैं। एक ओर इजरायल की सीमा पर इरेज़ क्रॉसिंग है। यहां से गाजा पट्टी में प्रवेश करने के लिए इजरायल की सरकार से प्रवेश पत्र लेना आवश्यक है जो बहुत मुश्किल से प्राप्त होता है। दूसरा रास्ता मिस्त्र की ओर से रफा क्रॉसिंग से आता है । यह स्थान मिस्त्र की राजधानी काहिरा से 5 घंटे की दूरी पर स्थित है।

8 अक्टूबर से गाजा पट्टी का संपर्क पूरी दुनिया से कटा हुआ है और केवल मिस्त्र के रास्ते ही इसका संपर्क बाहर की दुनिया से सम्भव है। जिस बर्बरता से हमास के आतंकवादियों ने इजरायल पर हमला किया, उसकी निंदा सर्वत्र हुई है । कई वीडियो भी मीडिया के माध्यम से पूरे विश्व में दिखाए गए कि किस प्रकार इजरायली महिलाओं को घसीट कर हमास के आतंकवादियों द्वारा अपनी गाड़ियों में भरकर ले जाया गया एवं उनके साथ बदसलूकी की गई। हमास द्वारा कब्जे में लिए गए इजराईली नागरिकों को अभी तक हमास द्वारा छोड़ा नहीं गया है। 7 अक्टूबर के हमले के बाद इजरायल ने अपने बयान में साफ़ कहा है कि अब वह हमास को समाप्त करके ही रहेंगे। इस प्रतिक्रिया को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। किंतु जब उसके देश के निरीह नागरिकों को कोई आतंकवादी संगठन कब्जे में ले ले और सैकड़ो रॉकेट दाग कर उसके लिए समस्या उत्पन्न कर दे, तो उनकी यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी।

यह सही है कि गाजा पट्टी में बड़ी घनी आबादी है एवं वहां जीने योग्य वातावरण भी नहीं है। इसे कई लोगों द्वारा दुनिया के सबसे बड़े खुले जेल का नाम तक दिया गया है। न वहां के लोगों के लिए कोई रोजगार है ना उनके लिए खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था है। यह इसीलिए हुआ कि फिलीस्तीन में मुख्य रूप से दो राजनीतिक दल थे, फाताह और हमास। पश्चिम बैंक या वेस्ट बैंक पर फाताह का शासन है, वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी पर हमास ने कब्जा कर रखा है । यह उल्लेखनीय है कि 1967 में आक्रमण के बाद इजराइल ने फिलिस्तीन का बहुत बड़ा हिस्सा अपने कब्जे में कर लिया था। गाजा पट्टी पर उसका नियंत्रण 2005 तक रहा। बाद में अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण इजरायल ने गाजा पट्टी से अपने आप को बाहर किया। उसके पश्चात जो चुनाव वहां पर हुए उसमें हमास को सफलता प्राप्त हुई। इजराइल और गाजा पट्टी के बीच तनाव की स्थिति बनी रहती है।

जो लोग हमास के हमले को उचित बता रहे हैं, उन्हें संभव है इस क्षेत्र के इतिहास की पूरी जानकारी नहीं है। यह सही है कि 1948 में ही इजराइल का जन्म हुआ और दुनिया भर के यहूदियों को यहाँ बसाया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि यहूदी धर्म इस्लाम से बहुत पुराना है और इसकी उत्पत्ति लगभग 4000 वर्ष पूर्व की मानी जाती है। इसी क्षेत्र में जेरूसलम है जहां यहूदी, ईसाई और इस्लाम को मानने वाले लोगों के धर्म स्थान स्थित हैं। जेरूसलम का क्षेत्रफल संयुक्त राष्ट्र संघ की निगरानी में है। हमास के आतंकी हमले के बारे में संयुक्त राष्ट्र संघ किसी भी प्रकार की, कोई प्रभावी कार्रवाई करने में असफल रहा है। जिस प्रकार निहत्थे हजारों नागरिक मारे गए हैं, उससे तो मानव ने अपने सभ्य होने पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। जो नागरिक गाजा में मारे जा रहे हैं उनमें से अधिकांश हमास के समर्थक नहीं है।

**हमास को चाहिए कि वह बंधक बनाए गए सभी इजराइल के नागरिको को रिहा करे। आतंकवादी गतिविधियां समाप्त कर फ़िलीस्तीन को संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाएं। हमास के नेताओं को यह समझना होगा कि चाहे उसे कितना भी समर्थन ईरान आदि देशों से मिल रहा हो, उसके लिए यह संभव नहीं हो पाएगा कि वह इजरायल को युद्ध में परास्त कर सके ।**

भारत के मुस्लिम समुदाय की सराहना की जानी चाहिए कि उसने हमास के समर्थन में कोई प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से नहीं किया है । यह सही है कि गाजा पट्टी में रहने वाले लगभग सभी मुस्लिम हैं और इस्लाम को मानने वाले हैं। अब लोगों को यह पता लगने लगा है कि आतंकवाद को अपना करके अपनी खुद की आबादी का भी कोई भला नहीं किया जा सकता है। गाजा के उन लोगों को भी इजराइल की कार्रवाई का शिकार बनना पड़ रहा है जिनका कोई दोष नहीं है। इजराइल लगातार गाजा पट्टी पर हमले कर रहा है जिसमें हमास के सैन्य ठिकानों के अतिरिक्त वहां के नागरिकों को भी बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है । इस क्षेत्र में बिजली और पानी की व्यवस्था चरमरा गई है । वहां के लोग बहुत ही दयनीय हालत में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इजराइल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह तब तक अपने हमले जारी रखेगा जब तक उसके नागरिकों को हमास द्वारा मुक्त नहीं किया जाता है। अभी तक इजरायली नागरिकों को हमास ने अपने कब्जे में ले रखा है जिसके वीडियो भी वह समय-समय पर प्रसारित कर रहे हैं जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं । मानवता के इतिहास में कुछ घटनाएँ ऐसी होती हैं जब सबको जाति, धर्म, देश से ऊपर उठकर मानवता के बारे में सोचना ही होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने तो अपने आप को प्रभावहीन करके स्वयं की भूमिका लगभग समाप्त ही कर दी है । इजराइल द्वारा किए जा रहे हमलों को बर्बरतापूर्ण बताने वाले यह भूल जाते हैं कि जर्मनी के हिटलर ने 60 लाख यहूदियों का संहार किया था जिसे 'होलोकास्ट' के नाम से ज्यादा जाता है।

इजराइल के लोगों में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है और उन्होंने अपने सैन्य बल को भी बहुत बढ़ाया है । सैन्य टेक्नोलॉजी में आज भी इजराइल का कोई मुकाबला नहीं है । एक ऐसा देश जो सब तरफ से अरब देशों से घिरा हो वह केवल अपने आप को बचाने के लिए सदैव संघर्षरत रहता है। अपनी उत्कृष्ट सैन्य क्षमता के कारण ही सामान्यतया शत्रुओं के आक्रामक प्रयास को सफल नहीं होने देता है। यह आश्चर्य जनक है कि हमास के आतंकवादी इस अभेद्य किले को तोड़ने में सफल रहे हैँ। सबको आश्चर्यचकित करते हुए उन्होंने इजरायल पर सैकड़ो रॉकेट दागे, इसके बावजूद कि इसराइल ने अपने देश की सुरक्षा के लिए एक आयरन डोम की व्यवस्था की हुई है जो मिसाइलों को गिरने से पहले ही नष्ट करने की क्षमता रखता है।

दुनिया के कई देश हमास के आक्रमण को फिलिस्तीन की स्वतंत्रता से जोड़कर देख रहे हैं और इसी के कारण अनावश्यक्रम लोगों में भ्रम उत्पन्न हो रहा है। यह जानना आवश्यक है कि हजारों वर्ष पूर्व इस पर यहूदी ही रहते थे जो बाद में अलग-अलग स्थान पर विश्व में चले गए और दूसरे विश्वयुद्ध के बाद उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से एक अलग देश इजराइल के नाम से सन 1948 में बनाया गया। इजरायल में लगभग एक करोड़ यहूदी लोग रहते हैं । वर्तमान में यहूदियों की दुनिया में आबादी लगभग डेढ़ करोड़ है। यह रोचक है कि किसी भी यहूदी का जन्म विश्व में किसी भी स्थान पर हो, तो उसे स्वत: इजरायल की नागरिकता प्राप्त करने का अधिकार मिल जाता है। यहूदी धर्म ईसाई और इस्लाम धर्म दोनों से कहीं अधिक पुराना है। इस्लाम, ईसाई और यहूदी तीनों धर्मों के पवित्र स्थल इसी क्षेत्र में ही स्थित हैं ।

वर्तमान में जो स्थिति बनी है उसका समाधान शीघ्र निकालने की आवश्यकता है। हिंसक घटनाओं के माध्यम से इसका हल निकल पाएगा, इसकी संभावना कम ही है । हमास को चाहिए कि वह बंधक बनाए गए सभी इजराइल के नागरिको को रिहा करे। आतंकवादी गतिविधियां समाप्त कर फ़िलीस्तीन को संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाएं। हमास के नेताओं को यह समझना होगा कि चाहे उसे कितना भी समर्थन ईरान आदि देशों से मिल रहा हो, उसके लिए यह संभव नहीं हो पाएगा कि वह इजरायल को युद्ध में परास्त कर सके ।

किसी भी देश के नागरिकों पर विशेष कर निहत्थे नागरिकों पर रॉकेट की वर्षा कर और अंधाधुंध फायरिंग कर उन्हें मारना घोर अमानवीय है और किसी भी आधार पर उसका समर्थन नहीं किया जा सकता है। जिस प्रकार की हैवानियत हमास ने दिखाई है, उसने खुद अपने ही नागरिकों का जितना नुकसान किया है वह अकल्पनीय है । और उन्हें अमानवीय जीवन जीने के लिए विवश कर दिया है । अरब देशों को चाहिए कि वह अंतरराष्ट्रीय जगत के माध्यम से दबाव बनाकर फ़िलीस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता दिलाए। इस क्षेत्र में शांति बहाल हुए बिना यहां पर गरीबी और अराजकता का माहौल ही बना रहेगा जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। इजराइल को भी चाहिए कि वह इंसानियत के तकाजे को समझते हुए गाजा पट्टी पर तत्काल आक्रमण बंद करे।

इजराइल के नागरिक और वहां के कुछ अखबार भी सवाल उठा रहे हैं कि हमास की हैवानियत की सजा गाजा के निरपराध नागरिकों को क्यों दी जा रही है? वहां के अल शिफा अस्पताल में लाशों के ढेर लग गए हैं, डॉक्टरों की कमी है, पानी-बिजली भी काट दी गई है । इजरायल द्वारा चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा पट्टी पर रहने वाले लोग दक्षिण की ओर चले जाएं। यह कैसे संभव है कि 10 लाख लोग एक साथ, एक स्थान से दूसरे स्थान पर विस्थापित हो जाएँ? इजराइल के अखबार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू को भ्रष्ट और तानाशाह बताते हुए उनसे यह मांग कर रहा है कि नागरिकों पर होने वाले हमलों को तत्काल रोके। हैवानियत का उत्तर हैवानियत नहीं हो सकता। आज जो स्थिति इस क्षेत्र में बनी है उसका कारण केवल हमास की हैवानियत है जो 21वीं शताब्दी में अस्वीकार्य है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# आत्म-दीप्ति के उजास पर्व

संस्कृति की समरसता और सरसता को अनुभूत करना हो तो उत्सवों की क्रमबद्धता का अवलोकन करना चाहिए। श्राद्ध, नवरात्रि, दशहरा और फिर दिवाली। यह हमारे पुरातन सांस्कृतिक चिंतन की उत्कृष्टता और विशिष्टता है कि यह जीव, तत्व और भाव सबके संदर्भ पर्वों से जोड़ता है। विरासत में मिले ये पर्व पावनता का विस्तार कर हमारे जीवन का पथ प्रदर्शन करते हैं। इनसे जुड़ी सीख व्यवहार के लिए दीपज्योति है।

लोक में कहते हैं– सोलह श्राद्ध, नव नौरते, दस दशरावा और बीस दिवाली। दिवाली के दीप झिलमिलाएं, इसके लिए पूर्व पर्वों के पड़ाव अपना महत्व रखते हैं। श्राद्ध पितृपक्ष होने से अनुरंजन से अधिक श्रद्धा से जुड़ा पर्व है। यह भाव में दान, दया, करुणा और पावनता का आरोपण है। मां कहती थी– 'श्राद्ध के दिन भारी होते हैं।' यह बात फिर अनुभूति में उतर गई और श्राद्ध के दिन वस्तुत: भारी लगने लगे। पर यह भार दायित्व बोध का भार है। यह भार मनसा वाचा कर्मणा किए गए च्यूतकृत्यों का भार है। यह पश्चाताप के माध्यम से स्वयं को प्रक्षालित करने का अवसर है। यह श्रद्धा के भाव अर्पित कर निर्भार होने का उपक्रम है। पूर्वजों के प्रति हमारी जिम्मेदारी, सृष्टि के प्रति हमारी जिम्मेदारी से पृथक नहीं। श्राद्ध पक्ष हमें उत्तरदायी होने का भान कराता है। इसी भार से विहीन होने की राह भी सुझाता है श्राद्ध पक्ष।

पर श्राद्ध पक्ष की अमावस्या की रात्रि गुजरते ही जैसे सब कुछ सामान्य हो जाता है। वातावरण के साथ मन का भारीपन भी तिरोहित हो जाता और रह जाता है शक्ति के प्रति समादर भाव। मां का पूजन अर्थात सृष्टि के स्त्री तत्व का रेखांकन, यही सृजन की महत्ता का प्रतिपादन भी है। सभ्यता के प्रारंभ में मातृ पूजा के संदर्भ प्रमुखता से मिलते हैं। यह सभ्यता का विकास था या उसका पतन, कि समय के साथ नारी की महत्ता शास्त्रों तक सीमित हो गई। उसके अधिकार पुरुष के चिंतन के आधीन हुए। पर पर्वों ने उस ज्योत को जलाए रखा जिसकी झिलमिल में हम उस सृजन तत्व को बिसरा न दे। नवरात्रि स्त्री शक्ति की महत्ता के प्रति शीश झुकाने का पर्व है। पर मात्र शीश झुकाने से क्या होगा, समता और समरसता के साथ उसका अस्तित्व कायम रहे, यह समाज और सृष्टि के लिए अभीष्ट भी है।

नवरात्रि में शक्ति की पूजा मातृ तत्व में निहित सृजन की असीम शक्ति का द्योतक है। जो सृजन नहीं कर सकता उसे विनाश का अधिकार नहीं। स्त्री अपने रक्त मज्जा से सृजन कर सकती है तो यथावश्यकता उसे स्वयं के हृदय को वठा बनाकर आततायी को विनष्ट करने का भी अधिकार है। ऐसा करती भी है वह। शक्ति के दोनों ध्रुव, सृजन और विनाश, नवरात्रि पर्व की महिमा को बढ़ाते हैं। यद्यपि सृजन और विनाश के मध्य पालन-पोषण भी एक महत्वपूर्ण आयाम है, जिसे स्त्री अपनी दया, करुणा, संवेदना, ममत्व और स्वभाव के बल पर संपादित करती है। इस तरह नारी एक साथ ब्रह्मा, विष्णु और महेश की त्रिविध भूमिकाओं का निर्वहन करती है। इस नवरात्रि हम समाज की स्त्री शक्ति के प्रति अपने भावों में अधिक उदात्तता, अधिक श्रद्धा, अधिक मर्यादा भरें और फिर ये भाव हमारे हृदयों में शाश्वत रूप से आरोपित हो जाएं। ऐसा होगा तो यह दुनिया और अधिक खूबसूरत बन जाएगी। हम पर्वों की क्रमबद्धता की बात कर रहे थे। नवरात्रि के उपरांत दशहरा नकारात्मक शक्तियों के दहन का प्रतीक है। नवरात्रि में नवसंकल्प हमने लिए। जीवन और व्यवहार में घर कर गए और शेष रह गए कलुष्य दशहरा में स्वाहा कर दें। जब निराशाएं समाप्त हो जाती हैं, विश्वास सबल हो उठता है। विश्वास का वह प्रकटन रामतत्व का स्वरूप है। ऐसा जब हो जाता है, तो फिर दीपावली का शुभ आगमन होता है। दीप का जलना घर की प्राचीर को जगमग करना मात्र नहीं है। भगवान राम के स्वागत में अयोध्या जगमग हुई थी। यह प्रतीक हम अपने में धारण करें। हम अपनी देह को अयोध्या बना लें और इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम का सानंद प्रवेश हो सके, इसके लिए आत्म ज्योति प्रज्वलित कर लें हम। राम को स्वयं में धारण करना उनकी पूजा से अधिक महत्वपूर्ण है और राम तिमिर-हृदयों में किस विध प्रवेश करेंगे ? दीपावली हमारे जीवन के ही एक दीप बन जाने का उल्लास पर्व है। जब हम स्वयं प्रेम, स्नेह की ज्योति बन जाएंगे, दिवाली तभी सार्थक पर्व बन उभरेगा। अपनी आत्मा का प्रकाश जगाओ, यही राम का संदेश था, यही बुद्ध का संदेश था। यही संदेश हमारे सभी पर्वों का सार भी है।

**–दशरथ कुमार सोलंकी,**
**निदेशक वित्त, जोधपुर**
**विकास प्राधिकरण।**

# किसानों को इंदिरा नहर से रबी की फसल में पूरा पानी मिलने की उम्मीद

## जैसलमेर में रबी की फसल के लिए किसानों की साढ़े आठ दिन में बारी आएगी

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के किसानों को इस बार इंदिरा नहर से रबी की फसल में पूरा पानी मिलने की उम्मीद है। जैसलमेर में नहरों की शुरूआत 1254 आरडी से होती है। गौरतलब है कि रबी की फसल के लिए तैयार हो चुके नहरी किसानों के लिए नहरी विभाग ने रेगुलेशन प्लान जारी कर दिया है। इसके तहत इस बार 1254 से नीचे की नहरों में नहरी विभाग द्वारा दो हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा।

रेगुलेशन के लिए नहरी विभाग द्वारा सभी वितरिकाओं को चार समूहों में बांटा गया है। हालांकि पहला ग्रुप जो 7 अक्टूबर से 14 दिसंबर तक चलेगा उसमें चार में से दो, दूसरा ग्रुप जो 14 दिसंबर से 28 फरवरी तक चलेगा उसमें 3 में से 1 तथा तीसरा व अंतिम ग्रुप जो 28 फरवरी से 16 मार्च तक चलेगा। उसमें चार में से 2 समूहों का पानी चलाया जाएगा। इस बार नहरी विभाग द्वारा तैयार किए गए रेगुलेशन प्लान में एक बारी साढ़े आठ दिन में पूरी हो जाएगी। जिसके बाद दूसरी बारी में दो समूहों को पानी दिया जाएगा। नहरी विभाग के अधिकारियों का मानना है कि पहले रबी की फसल की

- **रेगुलेशन के लिए नहरी विभाग द्वारा सभी वितरिकाओं को चार समूहों में बांटा गया**

बुआई के लिए किसानों को पूरा पानी मिल जाएगा। इसके बाद फसलों को कम पानी की जरूरत रहेगी। तीसरे तथा अंतिम ग्रुप में फसलों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत होगी। इसके लिए ही पहले व तीसरे ग्रुप में 4 में से 2 समूहों को पानी दिया जाएगा। नहरी किसानों को इस बार रबी की फसल के लिए पूरा पानी मिलेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार पानी की भरपूर आवक रहेगी। जिससे पंजाब के बाद हनुमानगढ़, गंगानगर व बीकानेर में पूरा पानी सप्लाई होगा। पानी की भरपूर आवक से टेल पर बैठे जैसलमेर के किसानों को भी पूरा पानी मिलने की संभावना है। फिलहाल जरूरत से ज्यादा पानी नहरों में छोड़ा जा रहा है। जिससे उम्मीद है कि इस बार रबी की सीजन में नहरी किसानों को पानी की कमी नहीं आएगी।

अधीक्षण अभियंता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना रेगुलेशन हरीश छतवानी ने बताया कि इस साल रबी की फसलों के लिए नहरों का रेगुलेशन प्लान जारी हो गया है। जिसमें अगर जैसलमेर की बात करे तो जैसलमेर के लिए पर्याप्त पानी छोड़ा जाएगा। रेगुलेशन प्लान के हिसाब से जैसलमेर में 8.5 दिन में बारी बदलेगी। पहले ग्रुप में 4 में से 2 समूहों का पानी चलाया जाएगा। दूसरे ग्रुप में 3 में से 1 तथा तीसरे व अंतिम ग्रुप में फिर से 4 में से 2 समूहों में पानी चलाया जाएगा। जिससे फसलों को जब पानी की जरूरत होगी, तब बुआई व सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाएगा।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर : जोधपुर में आंधी के साथ जमकर बारिश

**जोधपुर,** (कासं)। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुरूप प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव आ गया है। रविवार कुछेक हिस्सों में सोमवर को जोधपुर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अलसुबह आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई। मौसम बदलाव के साथ ही पारा भी गिर गया। आंधी चलने से शहर के अस्थाई तिब्बती मार्केट में सजी दुकान भरभरा कर गिर पड़ी, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। इधर शहर की सड़कों पर सुबह पानी ही पानी नजर आया। फिलहाल दिन में आसमान पर बादल छाए होने के साथ धूप भी खिली रही। विक्षोभ का असर मंगलवार तक बना रहेगा। ऐसे में कयास है कि मंगलवार को भी बारिश हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई है। जिससे फसलों को भी नुक सान पहुंचा है। किसान अब रबी की बुवाई करने लगे है।

- **ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से फसलों को भी नुकसान पहुंचा**
- **मौसम विभाग की माने तो मंगलवार तक विक्षोभ का असर बना रहेगा**

प्रदेश पर बने पश्चिमी विक्षोभ के असर से मारवाड़ में सुबह मौसम अचानक से बदल गया। अलसुबह शहर में धूल भर आंधी चलने के साथ जोरदार बारिश हुई। कई लोग तो नींद में थे, जाग होने पर पता लगा कि बारिश हो रही है। बारिश से मौसम में अचानक से ठंडक घुल गई। प्रदेश में पारा लगातार 35-40 डिग्री के बीच चल रहा था जोकि आज थम गया है। सुबह तक तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया।

मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार तक विक्षोभ का असर बना रहेगा, जिसके चलते प्रदेश में कुछ हिस्सों में बादल, बारिश और ओले गिर सकते है। सूर्यनगरी में दोपहर में धूप खिल गई। मगर आसमां में बादलों डेरा भी है। सूर्यदेव की बादलों की ओट में लुकाछिपी चल रही है।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था चौपट

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर पर्यटन नगरी में कई दिनों से सफाई व्यवस्था चौपट बनी हुई है, अनेक जगहों पर फैला कचरा और गंदगी ने पर्यटक नगरी की शोभा को बिगाड़ कर रख दिया है। सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए जाने के लिए पालिका प्रशासन के स्तर से कोई प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विगत कई दिनों से 60 के करीब अनियमित कर्मचारी जिन्हें ठेका पद्धित पर नगर की साफ सफाई के लिए रखा हुआ है उन्हें करीब 5 माह से वेतन के लाले पड़े हुए हैं। पृथ्वीराज सर्कल से तेली दरवाजा रोड होते हुए नकाशा चौक से पुरानी धान मंडी तक प्रतिदिन सैकड़ों जायरीन, ख्वाजा साहब की चौखट चूमने आते हैं। दरगाह के ठीक सामने ही दिगंबर जैन समाज का बड़ा मंदिर है। पुरानी धान मंडी रामलीला रंगमंच है जहां पर हनुमान जी का



**सांभर में अंबेडकर मार्ग से स्वतंत्रता सैनानी जाने वाली लिंक रोड पर कचरे के ढेर लगे हुये है।**

मंदिर है। दरगाह के पीछे ही रकत्या भैंरुजी का प्रसिद्ध मंदिर भी है। जहां आसपास के सैंकड़ों ग्रामीण भेरुजी को अरदास करने आते हैं। सांभर में इन प्रमुख स्थानों पर गंदगी और कचरा, टूटी फूटी सड़क होने के बाद भी पालिका प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय बनी हुई है।

- **पर्यटन नगरी सांभर की गंदगी और कचरे से शोभा बिगड़ी**
- **अनियमित सफाई कर्मियों की हड़ताल नहीं टूटने से हालात विकट हुए**

आवारा जानवरों का झुंड पुरानी चारा मंडी गंदगी के ढेर में मुंह मारते देखे जा सकते हैं वहीं दूसरी तरफ अंबेडकर मार्ग से स्वतंत्रता सैनानी सदाशिव व्यास मार्ग जाने वाली लिंक रोड पूरी कचरा और गंदगी से अटी पड़ी है। यहां के दुकानदारों ने कई दफा अध्यक्ष और पालिका प्रशासन को भी बता दिया लेकिन कोरे आश्वासन ही मिल रहे हैं।

## राशिफल मंगलवार 17 अक्टूबर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र रात्रि 9:31 तक, प्रीति योग प्रात: 9:21 तक, तैतिल करण दिन 1:20 तक, चन्द्रमा आज दिन 2:20 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-तुला, मंगल-तुला, बुध-कन्या, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कार्तिक संक्रांति है। सूर्य तुला में प्रवेश रात्रि 1:17 पर करेगा। आज रवि उलसानि मु.मास 4 आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:21 से 10:47 तक, लाभ-अमृत 10:43 से 1:38 तक, शुभ 3:03 से 4:28 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:54

### मेष




अपने अति आवश्यक कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

### वृष




स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मित्रों-रिश्तेदारों से चल रहे मतभेद समाप्त हो सकते हैं। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कर्क




घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह




व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### कन्या




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### तुला



अपने अति महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### वृश्चिक



व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिकआर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

### धनु



आर्थिक/वित्तीय मामलों पर प्राथमिकता से ध्यान देना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

### कुंभ



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिकसफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। अभी नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

# ई.आर.सी.पी. योजना को अटकाने के लिए गहलोत और कमलनाथ दोषी : राजेंद्र राठौड़

## दिव्या मदेरणा बोलीं, ''राजस्थान पुलिस ने चूड़ियां पहन रखी हैं''

**जयपुर।** राज्य में कांग्रेस सरकार की ओर से ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) को चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल करने और बारां से शुरू की जा रही जन जागरण यात्रा पर निशाना साधते हुए राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि इस योजना को अटकाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ दोषी हैं। राज्य सरकार इस परियोजना को वर्ष 2051 में पूरा करने का दावा कर रही है और इसके लिये विधानसभा में 37 हजार करोड़ रूपए खर्च करने की घोषणा कर चुकी है लेकिन इसके बाद अब तक इस योजना के नाम पर कोई काम नहीं हुआ है। सीएम मुख्यमंत्री नहीं बल्कि घोषणा मंत्री हैं। ईआरसीपी के लिए सीएम ने ईआरसीपी कॉरपोरेशन बनाकर 13 हजार करोड़ देने की बात कही लेकिन अब तक एक पैसा भी खर्च नहीं किया। वहीं राठौड़ ने कहा कि कमलनाथ ने ही सबसे पहले राजस्थान को एनओसी देने पर ऐतराज जताया था। इसके बाद गहलोत ने राज्य के खर्च पर प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा की ओर अब तक सिवाय घोषणाओं के कुछ नहीं हुआ। राठौड़ ने सोमवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सोमवार को प्रेस से रुबरू हुए।

प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है और पिछले छह माह में यहां सिर्फ 25 फीसदी मामलों को जांच के बाद अदालत तक ले जाया गया है।

उन्होंने कहा कि जब सीएम इस योजना पर काम कर रहे हैं तो किस बात के लिए यह जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राजस्थान आर्थिक आपातकाल की स्थिति में पहुंच गया है। इसके कारण अब प्रदेश में कर्ज बढ़कर 5 लाख 37 हजार 13 करोड़ का हो गया है और गहलोत सरकार अक्टूबर से दिसम्बर की तिमाही के लिए 14 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है।

- 'राज्य को कर्ज के दलदल में फंसा रही कांग्रेस सरकार, कर्ज हुआ 5.37 लाख करोड़ का'
- 'सी.एम. ने अपनी छवि चमकाने के लिए डिजाइन बॉक्स कम्पनी को बांटे दो हजार करोड़ रुपए'

इस दौरान राठौड़ ने राज्य सरकार को कानून व्यवस्था को लेकर घेरा और कहा कि पिछले छह माह में प्रदेश में 1.25 लाख मुकदमे दर्ज हुए थे जिसमें से मात्र 33 हजार मामलों में ही चालान पेश किए गए हैं। ऐसे में प्रदेश में सिर्फ 25 फीसदी मामलों को जांच के बाद अदालत तक ले जाया गया है। वहीं प्रदेश में इन दिनों प्रतिदिन 17 महिलाओं से रेप की वारदात हो रही है और राज्य के कई जिलो में बेटियों की वस्तुओं की तरह नीलामी की जा रही है।

राठौड ने राज्य सरकार पर योजनाओं के नाम पर आमजन को धोखा दिए जाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने राजस्थान स्टेट पावर फाइनेंस एंड फाइनेंसियल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड में आवासन मंडल से एक हजार करोड़ रूपए, रीको से एक हजार करोड़ तथा आरटीडीसी से भी 1500 करोड़ रूपए लेकर राजनीतिक स्वार्थो की पूर्ति की जा रही है और सीएम ने अपनी छवि चमकाने के लिए आमजन के 2 हजार करोड़ रुपए डिजाइन बॉक्स को बांट दिए।

प्रेसवार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में राठौड ने कहा कि भाजपा में टिकट वितरण के बाद बने हालात परिवार का आपस का मामला है और अधिकांश स्थानों पर इसे सुलझा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी में ज्यादा अंतर्विरोध और गुटबाजी है। इसके कारण सितम्बर में पहली लिस्ट जारी करने का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी अब तक अपने प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं कर पाई है। उन्होंने सीएम के ईडी के छापों पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि योजना भवन मामले में 16 किलो सोना पकड़ा जाना और गोपाल केसावत की गिरफ्तारी कांग्रेस नेताओं के भ्रष्ट होने का सीधा प्रमाण है।

# 'अंगदान अभियान को और व्यापक रूप दिया जाएगा'



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सोमवार को शासन सचिवालय में राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम के संबंध में बैठक को संबोधित किया।

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न विभागों के समन्वय एवं जनभागीदारी के साथ अंगदान अभियान को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

सिंह सोमवार को शासन सचिवालय में राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम के संबंध में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में अंगदान के प्रति जागरूकता पैदा करने में राजस्थान ने नए प्रतिमान हासिल किए हैं। अब विभिन्न विभागों के माध्यम से नवाचार कर इस अभियान को और गति दी जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और लोगों को प्रेरित करने के लिए जनजागरूकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाएं।

उन्होंने बैठक में सामान्य प्रशासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, विशेष योग्यजन तथा युवा एवं खेल मामले, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा, स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, महिला एवं बाल विकास, परिवहन, खाद्य, सूचना एवं जनसम्पर्क, बिक्री कर, सूचना एवं प्रौद्योगिकी आदि विभागों के माध्यम से भविष्य में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए।

# सिंधी समाज ने भक्तिभाव से मनाया असू चंड महोत्सव

**जयपुर।** सिंधी समाज ने सोमवार को असू चंड महोत्सव भक्तिभाव से मनाया। झूलेलाल मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। भगवान झूलेलाल के विग्रह का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। इस मौके पर बहराणा साहब की पूजा की गई। पूजन में आटे का मोदक बनाकर उस पर सिंदूर लगाकर लौंग, इलाइची, बादाम, काजू अर्पित कर जल में बहाया गया। वैदिक मंत्रों से भगवान झूलेलाल की भक्तिभाव से पूजा की। मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई गई। बड़ी संख्या में बालकों के मुंडन संस्कार और जनेऊ संस्कार हुए। महिलाओं ने अखंड ज्योति के दर्शन कर अखा (चावल और चीनी) लेकर विश्व के मंगल कल्याण की पल्लव प्रार्थना की। वहीं नौजवानों ने छेज नृत्य प्रस्तुत कर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य आयोजन अमरापुर स्थान में हुआ। नाहरी का नाका शास्त्रीनगर के सिंधुनगर में झूलेलाल मंदिर विकास समिति, पूज्य पंचायत सिंधु नगर संस्थान, गुरू नानक सेवा संस्थान की ओर से सोमवार को श्री अमरापुर स्थान के संत मोनूराम महाराज के सान्निध्य में महोत्सव मनाया गया।

# हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय चुनौतियों के साथ वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों पर केंद्रित है : डॉ. बलवीर एस. तोमर

**जयपुर।** निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान जयपुर ने शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पिछले 23 वर्षों सेन केवल शीर्ष स्तर की सेवाएँ प्रदान की हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मान्यता और शीर्ष प्रदर्शन हासिल करने में भी कामयाबी हासिल की है। निम्स विश्वविद्यालय ने एम8 एलायंस (जो की अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विश्वविद्यालयो का एक ऐसा समूह हैं को हर वर्ष जर्मनी में वर्ल्ड हेल्थ समिट आयोजित करता है) की सदस्यता हसिल की है। इसी के साथ विश्व स्वास्थ्य सम्मलेन 2023आधिकारिक तौर पर बर्लिन में शुरू हुआ। इस वर्ष की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इस वर्ष दृढ्ढ निर्णय लेना है। उद्घाटन समारोह में वैश्विक स्वास्थ्य जगत शामिल हुआ, जिन्होंने दुनिया की गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए चर्चा की ।

वर्तमान में, निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान दुनिया भर के उन विशिष्ट 31 चिकित्सा केंद्रों और संस्थानों में से एक है, जो एम8 एलायंस के भीतर सदस्यता रखते हैं, और इस लीग में अपना नाम स्थापित करके अपने



बर्लिन में विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में निम्स यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष और कुलाधिपति प्रो.डॉ.बलवीर एस. तोमर शामिल हुए।

इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। ज्ञात रहे की इंटर अकैडमी पार्टनरशिप जो की 100 से अधिक देशो की राष्ट्रीय मेडिसिन अकैडमी का प्रतिनिधित्व करती हैं। एम8 संस्था की सदस्य हैं ।

इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण संस्थान जैसे जॉन्स हॉपकिन्स ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थयूएसए, चैरिटे यूनिवर्सिटैटजर्मनी, इंपीरियल कॉलेज लंदन- यूके, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर, यूनिवर्सिटी ऑफ जिनेवा-स्विट्जरलैंड, लन्दन स्कूल ऑफ़ ट्रॉपिकल मेडिसिन, क्योटो यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन-जापान, सैपिएन्ज़ा यूनिवर्सिटी- इटली, मोनाश यूनिवर्सिटी- ऑस्ट्रेलिया, रशियन एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसरूस, और यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ, कारोलिंसका इंस्टिट्यूट स्वीडन, जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी यू.एस.ए इत्यादि शामिल हैं।

दुनिया में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लक्ष्य के साथ एम8 एलायंस को निम्स विश्वविद्यालय के चयन के बाद एक सक्रिय सदस्य मिल गया है। निम्स विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और कुलाधिपति, प्रो. डॉ. बलवीर एस. तोमर ने इस ऐतिहासिक

- 'दुनिया की गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए चर्चा हुई'

अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त की और कहा, ''यह हम सभी के लिए बेहद गर्व का पल है, जो हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र में काम के हर पहलू में हमारी अथक भावना, जुनून और समर्पण को दर्शाता है।'' सम्मान की यह उपाधि मेरे निम्स परिवार के प्रत्येक सदस्य को समर्पित है।''

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने स्वास्थ्य सम्मलेन के संबोधन में मानवता के सामने आने वाली कई गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों पर जोर दिया, जिनमें वैश्विक बीमारी का प्रकोप, गरीबी और जलवायु संकट शामिल हैं। अन्य अंतर्राष्ट्रीय नेताओं और विशेषज्ञों ने वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए प्रभावी रूप से फंडिंग मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन को संबोधित करते हुए जर्मन स्वास्थ्य मंत्री कार्ल लॉटरबैक ने कहा की हमे आने वाली गंभीर बिमारियों का सामना करने में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी लेनी होगी, डॉ. कार्ल ने आगे बढ्ढ ते हुए कहा की पुरे विश्व को एक साथ आके पेंडेमिक एग्रीमेंट साइन करना होगा किस्से की भविष्य में कोरोना कैसे महामारियो से बचा जा सके।

निम्स यूनिवर्सिटी के चांसलर व चेयरमैन प्रो. डॉ. तोमर नेवर्ल्ड हेल्थ समिट की इस वर्ष की थीम पर अपने विचार रखे और कहा कि, क्लाइमेट चेंज इस समय का सबसे बड़ा चैलेंज है इस समिट के माध्यम से भविष्य में आने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए हमे एक साथ मिलकर काम करने की जरुरत है,अब हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय चुनौतियों को हल करने से लेकर एक ही मंच पर वैश्विक स्वास्थ्य चैलेंज पर केंद्रित करना है''। साथ ही उन्होंने एम8 अलायन्स में निम्स को सदस्यता की खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा की यह एक उपाधि या सम्मान से कहीं अधिक है।

# हनीट्रेप मर्डर केस में बहस पूरी, फैसला 26 को

**जयपुर, (का.सं.)।** डेटिंग ऐप के जरिए प्रेम जाल में फंसाने के बाद युवक का अपहरण करने और बाद में उसकी हत्या करने के मामले में जिले की सत्र अदालत में बहस पूरी हो गई है। अदालत मामले में 26 अक्टूबर को फैसला सुनाएगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक राघवेन्द्र पारीक ने जांच अधिकारी सहित 45 गवाहों के बयान दर्ज कराए हैं। वहीं आरोपियों की ओर से अपने बचाव में किसी गवाह के बयान नहीं कराए हैं और सिर्फ अभियोजक पक्ष के गवाहों से ही जिरह की गई है। बहस के दौरान जांच अधिकारी ने अपनी ने गवाही में कहा कि आरोपी प्रिया सेठ ने सोशल मीडिया के जरिए दुष्यंत को फंसाया था। वह दुष्यंत को पैसे वाला समझकर अपने फ्लैट पर ले गई, जहां उसके दोस्त दीक्षांत कामरा व लक्ष्य वालिया भी थे। इन्होंने दुष्यंत से बड़ी रकम लेने के लिए उसे बंधक बनाकर रखा और उसके पिता से फिरौती मांगी। लेकिन बाद में उन्होंने दुष्यंत की हत्या कर उसकी लाश सूटकेस में डालकर आमेर की पहाड़ियों में फेंक दिया। ऐसे में प्रिया सेठ सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या व आपराधिक षडयंत्र का आरोप प्रमाणित है। मामले में पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस की जांच, एफएसएल व डीएनए रिपोर्ट में आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य जुर्म प्रमाणित माना है। प्रिया सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पुलिस ने पेश चालान में माना था कि इन्होंने एक सोची समझी साजिश के तहत दुष्यंत शर्मा की हत्या की और सबूत मिटाने के लिए उसकी लाश सूटकेस में रखकर ठिकाने लगा दिया। वारदात के बाद मृतक के पिता रामेश्वर प्रसाद ने आरोपी प्रिया सेठ सहित अन्य के खिलाफ झोटवाड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## दिव्यांग को नियुक्ति नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 लेवल वन में चयनित होने और नियुक्ति के लिए जिला आवंटित होने के बाद भी नियुक्ति नहीं देने पर प्रमुख शिक्षा सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक और डीईओ, प्रतापगढ़ सहित अन्य से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता के लिए एक पद रिक्त रखने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश भरत कुमार पाटीदार की याचिका पर दिए।

चतुर्थ पुष्पांजलि



स्व. छोटु राम मीणा (गजक वाले) की चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

स्वर्गवास दि.17/10/2019

भाई-मंगल जी बागड़ी, पुत्र-स्व.पुष्पेन्द्र मोहन लाल (कालू), रमेश, लोपोत्र-अरविन्द, जितेन्द्र, स्वयं, रिहान, श्रठ सोपोत्र- लक्ष, थुवान, बेटी-जंवाई-शम्भूजी-काली देवी एवं समस्त बागड़ी परिवार।

छोटू जी गजक वाले चाँदपोल बाजार, जयपुर, मो. 9413624023

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# जयपुर में तीन विधायक रिपीट होंगे, तीन सीटों पर नए चेहरों को मौका

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी में चर्चा के बाद जयपुर की 8 सीटों पर अब एक दर्जन नेताओं के बीच उम्मीदवारी की कशमकश

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों का इंतजार 18 अक्टूबर को समाप्त हो सकता है, जब राजस्थान कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से तैयार किए गए पैनल की सूची पर विचार करने के बाद कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति उम्मीदवारों का नाम तय कर देगी। राजस्थान यात्रा पर आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी कहा है कि 18 अक्टूबर को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान के आधे से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए जाएंगे। हालांकि इन नामों की घोषणा 18 अक्टूबर को ही हो जरूरी नहीं है, क्योंकि कांग्रेस फिलहाल ईआरसीपी को लेकर चल रहे जन जागरण अभियान के दौरान किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए नामों की घोषणा दो-तीन दिन बाद कर सकती है।

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद में मिली जानकारी के अनुसार जयपुर शहर की आठ विधानसभा क्षेत्र में से तीन सीटों पर फिर वही उम्मीदवार चुनाव लड़ते नजर आ सकते हैं। इन सीटों में सिविल लाइन से प्रताप सिंह खाचरियावास का टिकट पार्टी बदलना चाहती थी, लेकिन विकल्प नहीं मिलने के चलते अब पार्टी फिर से खाचरियावास को ही मौका देती दिख रही है। वहीं किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में अमीन कागजी के स्थान पर किसी अन्य चेहरे को पार्टी आजमाना चाहती है, लेकिन विकल्प नहीं होने के चलते कागजी फिर से उम्मीदवार हो सकते हैं। हालांकि मंत्री महेश जोशी किशनपोल में अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं, जहां से पहले भी वह विधायक रह चुके हैं और इस बार हवामहल में मुस्लिम नेताओं के विरोध के चलते उन्हें खतरा नजर आ रहा है। इसके बावजूद पार्टी में किशनपोल सीट पर जातिगत बदलाव करने को लेकर फिलहाल विचार नहीं हो रहा है। वहीं तीसरे उम्मीदवार आदर्श नगर के विधायक रफीक खान हैं, जिन्हें क्षेत्र में विरोध के बावजूद पार्टी रिपीट करती दिख रही है। हालांकि यहां पर शुरुआती तौर पर पार्षद उमरदराज के नाम पर चर्चा हुई, लेकिन रफीक खान के सामने उमरदराज की पैरवी करने वाले नहीं नजर आए। ऐसे में इन तीनों सीटों पर पार्टी फिर से पुराने चेहरों को ही विरोध के बावजूद उतारने का मन बना चुकी है।

- 18 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद तस्वीर होगी साफ

वहीं पार्टी ने जिन दो सीटों पर पिछली बार बड़े अंतराल से हार का सामना किया था, उनमें से एक विद्याधर नगर विधानसभा में पार्टी ने फिर से वैश्य उम्मीदवार को उतारने का निर्णय ले लिया है। ऐसी स्थिति में यदि पार्टी भाजपा की महिला उम्मीदवार के सामने महिला उम्मीदवार उतारती है, तो राजस्थान प्रदेश अग्रवाल महासभा की चेयरपर्सन और अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस की निवर्तमान सचिव शशि गुप्ता पार्टी की उम्मीदवार बन सकती हैं। अन्यथा पिछला चुनाव बड़े अंतराल से हारने के बावजूद सीताराम अग्रवाल ही पार्टी का चेहरा फिर से हो सकते हैं। विद्याधर नगर से स्क्रीनिंग कमेटी में बस इन्हीं दोनों नाम पर चर्चा हुई है। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी पिछला चुनाव बड़े अंतराल से हारी थी। अब पार्टी यहां भी नया उम्मीदवार उतारना चाहती है। ऐसे में यहां से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होकर जयपुर नगर निगम में महापौर बने विष्णु लाटा के नाम पर चर्चा हुई है। जहां तक पुष्पेंद्र भारद्वाज की बात है, तो उनका सांगानेर से बाहरी होना पार्टी में उनके विरोध का कारण बन रहा है। हालांकि प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता उनकी उम्मीदवारी बचाने में लगे हैं। बगरू में कांग्रेस वर्तमान विधायक गंगा देवी के विकल्प को लेकर गंभीर चर्चा तो हुई है, लेकिन गंगा देवी को बगरू कस्बे और आसपास के क्षेत्र का समर्थन मिला हुआ है। इसके बावजूद पार्टी किसी नए चेहरे को आजमाना चाहती है लेकिन अभी पार्टी को वह चेहरा नहीं मिल पाया है। ऐसे में हो सकता है कि बगरू की उम्मीदवारी तय करने में समय लग सकता है।

मालवीय नगर में समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ.अर्चना शर्मा दो चुनाव हार चुकी हैं, लेकिन पिछले चुनाव में सिर्फ 1600 मतों से हारना और उसके बाद उनका सक्रिय रहना उनके लिए फायदेमंद साबित हो रहा है और पार्टी एक बार फिर उनके नाम पर चर्चा कर रही है। इस बार उनके नाम का विरोध भी कम हो रहा है। फिर भी यदि उनकी उम्मीदवारी नहीं तय होती है, तो फिर राजीव अरोड़ा पार्टी की दूसरी पसंद हैं। हालांकि संजय बाफना और सुशील शर्मा भी पुरानी पहचान के बल पर प्रयासरत है, लेकिन बड़े नेताओं का समर्थन मिलता नहीं दिख रहा है।

जहां तक हवामहल विधानसभा क्षेत्र की बात करें, तो इस बार यहां से मंत्री महेश जोशी को लेकर पार्टी में ऊपर तक यह चर्चा हो चुकी है कि उनके स्थान पर नया उम्मीदवार मैदान में उतारा जाए। यही कारण है कि महेश जोशी लगातार दिल्ली में बने हुए हैं, ताकि टिकट बचाया जा सके, लेकिन उनके स्थान पर विकल्पों के तौर पर खादी बोर्ड के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा को देखा जा रहा है। डॉक्टर सुनील शर्मा भी महेश जोशी का विकल्प बनने के प्रयास कर रहे हैं।

कुल मिलाकर स्क्रीनिंग कमेटी में जयपुर की आठों सीटों को लेकर जो चर्चा हुई है, उन चर्चाओं के अनुरूप अब टिकटों का बंटवारा एक दर्जन नामों में से ही होना है। अब 18 अक्टूबर को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद पता चलेगा कि आखिरकार कांग्रेस जयपुर में किन उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। हालांकि इतना तय है कि कम से कम तीन सीटों पर कांग्रेस के नए चेहरे देखने को मिलेंगे।

## एसीएस पेश होकर बताए क्यों नहीं की आदेश की पालना?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद मृत कर्मचारी के आश्रितों को सेवा के पूर्ण परिलाभ अदा नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने पंचायती राज विभाग के एसीएस को 19 अक्टूबर को हाजिर होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने एसीएस से पूछा है कि अदालती आदेश के बाद भी अब तक याचिकाकर्ता के आश्रितों को परिलाभ क्यों नहीं दिए गए हैं। वहीं अदालत ने राज्य सरकार पर पचास हजार रुपए का हर्जाना भी लगाया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश लाला राम की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तरुण चौधरी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता पंचायती राज विभाग के अधीन वर्ष 1983 में बानसूर में बागवान के पद पर अस्थाई कर्मचारी के तौर पर नियुक्त हुआ था। इस पर याचिकाकर्ता ने वर्ष 2011 में स्थाईकरण के लिए याचिका दायर की। दूसरी ओर विभाग ने जुलाई, 2020 में याचिकाकर्ता को रिटायर कर दिया और अस्थाई कर्मचारी होने का हवाला देते हुए पेंशन परिलाभ से इनकार कर दिया। वहीं हाईकोर्ट ने 21 जनवरी, 2021 को याचिका का निस्तारण करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिए कि वह याचिकाकर्ता को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तौर पर वर्ष 1983 से नियमित मानकर वेतन और परिलाभ अदा करे। राज्य सरकार ने इस आदेश की खंडपीठ में अपील की, लेकिन खंडपीठ ने अपील को खारिज कर दिया। आदेश की पालना नहीं होने पर याचिकाकर्ता ने सितंबर 2021 में अवमानना याचिका पेश की। इस बीच याचिकाकर्ता की मौत हो गई। वहीं गत 19 अगस्त को अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार पालना के लिए दो माह का समय मांगा।

दी राजहंस को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड़
दुकान नं.-5, पदम विहार (मांग्यावास), न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर- 20
क्रमांक: एस.पी./66/2023 दिनांक: 07.10.2023

आम सूचना

दी राजहंस को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. की स्कीम श्री श्याम विहार- अचरावाला, सांगानेर में स्थित है। प्लॉट नं.- 16-66.66 वर्गगज का श्री पुखराज पिता श्री किशनलाल का पट्टा गुम हो गया है। प्रार्थी ने डुप्लीकेट पट्टे के लिये आवेदन किया है। अतः किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें अन्यथा नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर डुप्लीकेट पट्टा जारी कर दिया जावेगा

रामनारायण (अध्यक्ष)
दी राजहंस को. हा. सा. लि., जयपुर

आम सूचना

मैं कि लखपत बी. मेहता एडवोकेट मेरे अभिभाष्य श्री किशोर कुमार टाक पुत्र स्व. श्री दाऊलाल टाक निवासी-316, उदय मार्ग, राजापार्क जयपुर-302004 की हिदायतानुसार तथा उनकी ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि सम्पति भूखण्ड संख्या 316 वाके उदय मार्ग, राजापार्क, जयपुर अविभाजित/विवादित सम्पति होने के बावजूद भी श्री राजेन्द्र कुमार टाक उनकी पत्नि श्रीमती बीना रानी टाक व पुत्र मोहित टाक ने सही तथ्यों को छिपाकर मिथ्या अभिकथन फर्जी साक्ष्य झूठे शपथ पत्र के आधार पर सम्पूर्ण सम्पति अपने स्वामित्व की होना बतला कर उपायुक्त (राजस्व) नगर निगम ग्रेटर जयपुर से अपने स्वयं के नाम पटटा संख्या 103 दिनांकित 09.11.2022 जारी करा लिया था जिसे निरस्त करवाने हेतु सक्षम अधिकारी समक्ष प्रकरण सं० 176/2003 में दिनांक 18.07.2003 को पारित आदेश में अप्रार्थीगण द्वारा पट्टा प्राप्त करने के लिये प्रस्तुत दस्तावेज/वसीयत/शपथ पत्र सत्य, सही व प्रभावी नही होने उनके द्वारा आपसी दुर्भिसन्धि कर तथ्यों का दुर्व्यपेदशन कर उनके मिथ्या दस्तावेजात प्रस्तुत कर विधि का उल्लघन करते हुये अपने नाम से प्रश्नगत पट्टा क्रमाक 103 दिनांक 09.11.2022 व नाम हस्तान्तरण सं० 1108 दिनांक 24.06.2022 आदेश निरस्त किया जाकर उक्त पट्टा एवं नाम हस्तान्तरण नल एण्ड वाइड घोषित किया जाकर मूल पट्टा व नाम हस्तान्तरण पत्र निगम कार्यालय में जमा कराने हेतु निर्देशित किये गये है। इस कारण अप्रार्थीगण उक्त भूखण्ड को किसी भी तरह से किसी को भी अन्तरित/हस्तान्तरित करने हेतु सक्षम नहीं रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा उक्त राजेन्द्र कुमार टांक आदि से इस सम्पति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया गया तो वह गैर कानूनी होने से उसके समस्त परिणामों/क्षति हेतु वे स्वयं ही जिम्मेदार होगें सूचित रहे।

लखपत बी. मेहता एडवोकेट
द्वारका अपार्टमेन्ट 3/119, जवाहर नगर, जयपुर-राज. 6375664606

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुक्दमा नम्बर 231/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री किशन चोखानी निवासी फ्लैट नं. 402. भवा अपार्टमेंट, प्लॉट न ए 31.32 होटल रघुराज पैलेस जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री दादीजी मंगल पाठ समिति, 78, रूप विहार कॉलोनी, हरी मार्ग, मालवीय नगर जयपुर 302017 राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन- पत्र दिया है।

अतएव धारार 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 27.9.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।आइदा तारीख पेशी 4.12.23

मोहर अदालत

आकाश रंजन
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2067 दिनांक-16.10.2023

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 6/35, एसएफएस, मानसरोवर, जयपुर, क्षैत्रफल 136.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री रामस्वरूप मिश्रा पुत्र स्व. श्री यज्ञेश्वर मिश्रा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2600 दिनांक 11.10.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 28.10.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 304 दिनांक 23.12.1994 के द्वारा श्री रामस्वरूप मिश्रा पुत्र स्व. श्रीयज्ञेश्वर मिश्रा को अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री रामस्वरूप मिश्रा पुत्र स्व. श्री यज्ञेश्वर मिश्रा की मृत्यु दिनांक 12.7.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती गौरी मिश्रा पत्नी स्व. श्री रामस्वरूप मिश्रा एवं पुत्री काशिका मिश्रा पुत्री स्व. श्री रामस्वरूप मिश्रा ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने संयुक्त नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती गौरी मिश्रा पत्नी स्व. श्री रामस्वरूप मिश्रा एवं पुत्री काशिका मिश्रा पुत्री स्व. श्री रामस्वरूप मिश्रा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम कुमारी नीतू गर्ग पत्नी श्री कपिल कुमार सिंघल से बदलकर नीतू सिंघल कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना- पहचाना जाए। पता- फ्लैट नंबर 105, प्लॉट नंबर ए-85, दादूदयाल नगर, इस्कॉन रोड, मानसरोवर, जयपुर, 9724123614

I have changed my name from Hemlata to Hemlata Shekhawat W/o Pushp Singh Rathore for all purpose. Add R/o 17 Govind Nagar, Opp. Manglam Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara Jaipur-302012

I, Krati Tiwari born on 11.03.1991, after marriage I have changed my name from Krati Tiwari D/O Ashok Kumar Tiwari to Krati Agarwal W/o Nihit Agarwal vide affidavit dated 14.10.2023 at Jaipur. residing at 151, Virasat Tulip Apartment, Mahaveer Nagar, Jaipur- 302020

I have changed my name from Jeewan Kumar Somani to Jivan Kumar Somani S/o Shyam Sunder Somani R/o B-403, Unnati Residency Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur. For all purpose.

# केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने लाल डायरी के बहाने खड़गे व गहलोत को घेरा

## 'सरकार बदलने दीजिए, कांग्रेस पार्टी की वर्तमान सरकार के कारनामों की इंद्रधनुषी रंगों की डायरियां आएंगी'

- **शेखावत ने कांग्रेस की बारां में सभा से संबंधित सवालों पर कहा कि कांग्रेस पार्टी की चुनावी सभा में एक बार फिर लाल डायरी का जिक्र किया गया**
- **केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की**

**जोधपुर, (कासं)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में लाल डायरी के बहाने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरा। शेखावत ने कहा कि सरकार बदलने दीजिए, कांग्रेस पार्टी की वर्तमान सरकार के कारनामों की इंद्रधनुषी रंगों की डायरियां आएंगी।

सोमवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में शेखावत ने कांग्रेस की बारां में सभा से संबंधित सवालों पर कहा कि कांग्रेस पार्टी की चुनावी सभा में एक बार फिर लाल डायरी का जिक्र किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपने आधिकारिक बयान कहा कि लाल डायरी में लिखा हुआ है कि अगली सरकार कांग्रेस की बनने वाली है। शेखावत ने कहा कि मेरा प्रश्न खड़गे साहब से यह है कि लाल डायरी के जो दो पन्ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री, जिन्हें हाल में महिला के सम्मान के प्रति आवाज उठाने पर निष्कासित कर दिया गया। लाल डायरी की एक कॉपी लेकर विधानसभा में जाने पर जिस तरह से फुटबॉल की तरह इकट्ठे होकर सारे कांग्रेसी विधायकों और मंत्रियों ने उन्हें पीटा था। वो जो दो पन्ने पूर्व मंत्री जी ने उद्घाटित किए थे, जिनके पास में वह डायरी है। ये जो खड़गे साहब ने पंक्ति बोली है। यह पंक्ति उस डायरी में मंत्री जी द्वारा उद्घाटित किए गए पन्नों से पहले लिखी गई है या बाद में लिखी गई है, खड़गे साहब को स्पष्ट करना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक बात अब तय हो गई है कि लाल डायरी में कुछ तो है। जहां कांग्रेस पार्टी और पार्टी के राजस्थान में आलाकमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हमेशा इस बात को नाकारते थे कि कोई डायरी नहीं है। आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस बात को स्वीकार कर लिया कि डायरी है। शेखावत ने कहा कि इस बात को मैं मानता हूं कि उन्होंने जरूर डायरी को देखा होगा या जिसने डायरी को देखा होगा, उसने उन्हें बताया होगा। उन्हें स्पष्टता के साथ कहना चाहिए कि यह जो लिखा हुआ है, यह कौन से पन्ने पर लिखा हुआ है, वरना राजस्थान की जनता सब जानती है कि विधायकों और मंत्रियों ने किस तरह से भ्रष्टाचार किया है। शेखावत ने कहा कि केवल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नहीं कहते, कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता भी गाहे-बगाहे सदन के पटल पर खड़े होकर, पब्लिक प्लेटफॉर्म पर और मीडिया से बातचीत में अक्सर कहते हुए पाए जाते हैं कि यह सदी की भ्रष्टतम सरकार है। उसकी भ्रष्टता का लेखा-जोखा केवल एक लाल डायरी में नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी तो आप देखते रहिए। सरकार बदलने दीजिए। जांच जब होना शुरू होगी तो कई डायरियां निकलना शुरू होंगी। माइनिंग की डायरी अलग रंग की होगी, अन्नपूर्णा के घोटाले की डायरी अलग रंग की होगी, सड़कों के निर्माण में जिस तरह का घोटाला हुआ, उसकी अलग रंग की होगी, डिपार्मेंट ऑफ आईटी एंड कम्युनिकेशन की योजना भवन की डायरी अलग रंग की होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इंद्रधनुषी रंग की डायरियां अबकी बार कांग्रेस पार्टी की वर्तमान सरकार के कारनामों की आने वाली हैं।

**शेखावत धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए :-** इसके बाद केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार को संसदीय क्षेत्र जोधपुर में लूणी क्षेत्र के प्रवास पर रहे। वे शिकारपुरा आश्रम के गादीपति महंत दयाराम महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। धुंधाड़ा गांव में पटेल तरक परिवार द्वारा नवनिर्मित बाबा रामदेव मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हो कर पूजा अर्चना की। उन्होंने इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में शिकारपुरा आश्रम के गादिपति महंत दयाराम महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर किए गए स्वागत सत्कार के लिए केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कार में बने गुप्त तहखाने से 2.46 करोड़ रूपये जब्त, दो गिरफ्तार

## कार को थाने पर लाकर एसबीआई बैंक से मशीन मंगवाकर नोटों की गिनती की



उदयपुर की खेरवाड़ा थाना पुलिस ने नकदी जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**उदयपुर, ( कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने सोमवार को नाकेबंदी के दौरान एक कार से दो करोड़ 46 लाख रूपए की राशि जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला मय जाब्ते ने उदयपुर मार्ग पर नाकाबंदी की। इस दौरान उदयपुर की ओर से एक ब्रेजा कार आती हुई नजर आई। पुलिस ने जैसे ही कार को रोकने की कोशिश की तो चालक ने कार लेकर भागने का प्रयास किया। कुछ दूर पीछा करते हुए पुलिस टीम ने कार को घेर लिया और उसमें सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ की तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी शुरू की तो उसमें बने दो गुप्त तहखाने रूपी स्थानों पर भारी मात्रा में नकदी दिखाई दी।

थाने पर लाकर एसबीआई बैंक से मशीन मंगवाकर नोटों की गिनती की तो कुल राशि 2 करोड़ 46 लाख होना पाया गया। इस राशि के बारे में गिरफ्तार चालक और उसका साथी कुछ भी जवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने जिलेश पिता जयंतीलाल पटेल निवासी अम्बाजी हाईवे जिला विसनगर मेहसाणा गुजरात तथा जयसिंह पिता गान्डा सिंह दरबार निवासी मेरवाड़ा थाना चानसमा जिला पाटन गुजरात को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों से राशि के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

# महामंडलेश्वर हंसराम दुर्घटना में घायल

- **भीलवाड़ा से भावनगर गुजरात जाते समय उदयपुर के टी डी थाने के पास हुआ हादसा**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** हरिशेवाधाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन सोमवार को अपरान्ह में उदयपुर में सड़क हादसे में घायल हो गये। उनका स्वास्थ्य ठीक है तथा उदयपुर में उनको उपचार दिया जा रहा है। वो पूरी तरह से बात कर रहे हैं।



हादसे में कार चकनाचूर हो गयी।



घायल स्वामी हंसराम।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को भीलवाड़ा से भावनगर गुजरात के लिए वो रवाना थे। हुए उदयपुर के पास कार चालक कार को खड़ी करके रूका हुआ था कि अचानक पीछे से एक तेज गति से असंतुलित ट्रक ने उनकी कार को पीछे से आकर टक्कर मार दी जिससे महामंडलेश्वर की कार चकनाचूर हो गयी। महामंडलेश्वर व कार में बैठे एक अन्य के चोटिल होने पर उनको तुरंत ही निकटवर्ती चिकित्सालय में उपचार दिया गया है। हादसे की सूचना के बाद भीलवाड़ा से उनके शुभचिंतक उदयपुर पहुंचे।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या

**दूदू, (निसं)।** पुलिस थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेवा के अधीन दयालपुरा टीबो की ढाणी में खेत में बाड लगाते समय पेड़ की टहनियां काटने की बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद झगड़े के दौरान एक युवक की लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक हरीराम की भाभी रूपा देवी ने पुलिस थाना दूदू में मामला दर्ज करवाकर अवगत कराया कि देवर मेड पर टहनिया काट रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष से बनवारी लाल, रामकुमार, रामप्यारी एकजुट होकर आये व लाठियों से हरीराम पर वार कर दिया जिससे हरीराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस थाना निरीक्षक मोहम्मद इमरान मय पुलिस के पहुंचे। रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# हरियाणा नंबर की कार से 6.19 लाख रुपए जब्त

**दौसा, (निसं)।** थाना राहुवास पुलिस की टीम ने जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे डूंगरपुर टोल प्लाजा पर नाकाबन्दी में हरियाणा नंबर की क्रेटा कार की डिग्गी से 6 लाख 19 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए है। संदिग्ध कार और नगद रुपए 102 सीआरपीसी के तहत जब्त किए गए।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि विधानसभा चुनाव आचार संहिता की पालना के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र नेहरा व सीओ मानाराम गर्ग के सुपरविजन में एसएचओ राहुवास गोपाल शर्मा मय टीम द्वारा सोमवार को डूंगरपुर टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान करीब 12 बजे एक हरियाणा नंबर की संदिग्ध कार को रुकवाया गया। जिसमें चालक तरुण कुमार त्यागी (32) और पास वाली सीट पर देशराज गुर्जर (48) निवासी गुरुग्राम हरियाणा सवार थे। कार की तलाशी में डिग्गी में रखे एक बैग से 13 गड्डियों में 500 रुपये के 1239 नोट बरामद किए गए। चालक तरुण कुमार से गाड़ी से संबंधित दस्तावेज मांगे गये तो उसके नहीं होना बताया। इस पर कार और और नकदी जप्त कर ली गई।

# निजी बस पलटी, तीन की मौत, दो दर्जन घायल

- **कार ने निजी बस को पीछे से मारी तेज टक्कर के बाद बस पेड़ से टकराकर पलट गई थी**

**बाप, (निसं)।** फलोदी से रामदेवरा एनएच 11 मार्ग पर कलरां गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार ने निजी बस को पीछे से मारी तेज टक्कर के बाद अनबैलेंस हुई बस जाकर पेड़ से टकराकर पलट गई।


हादसे में सवारियों से खचाखच भरी बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। एम्बुलेंस और निजी वाहनों से सभी को फलोदी जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार रामदेवरा से जोधपुर वायां फलोदी होकर जा रही आईनाथ ट्रैवल्स की बस जो खचाखच सवारियों से भरी हुई थी को कलरां गाव के पास पीछे से आई स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बस असुंलित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। इससे बस में बैठी सवारियों में हाहाकार मच गया। इस दुर्घटना में घायल लोगो की आवाज सुनकर कुछ लोग पास आये और प्रशासन को सूचना दी तथा घायलों को बाहर निकलना शुरू किया इतने में फलोदी से 108 तथा निजी एम्बुलेंस तथा अन्य वाहन मौकेपर पहुंचे और सभी को फलोदी जिला अस्पताल लाया गया।

इस भीषण दुर्घटना में 2 पुरुष और एक महिला की मौत हो गई , जिसमे मृतक के नाम भवानी शंकर पुत्र दमाराम मेघवाल उम्र 27 निवासी एका रामदेवरा तथा दूसरा रूप सिंह पुर छैलू सिंह निवासी देणोक बताया गया। दुर्घटना में तीसरी मृतक महिला का शव मोर्चरी पर रखवाया जिसकी पहचान नहीं हो पाई थी। बस में सवार करीब दो दर्जन से भी अधिक घायलों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। जिसमें से गम्भीर घायल दो जनों को जोधपुर रेफर किया गया। घायलों में पुरुष, महिला व छोटे बच्चे शामिल बताए गए। चिकित्सकों के अनुसार दोनों घायलों की हालात गम्भीर है। इसके अलावा भी मामूली चोट आये दर्जनों लोगों को बाद एक ट्रक में बिठाकर उपचार के लिए लाया गया।

# काले हिरण का शिकार मामले में दो गिरफ्तार

**कोटा (निसं)।** देवली मांजी ग्रामीण थाना पुलिस ने क्षेत्र में काले हिरण का शिकार करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो आरोपी भागने में कामयाब हो गए। कोटा जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि थाना देवली मांजी पर काले हिरण का शिकार करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एक थार जीप जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि देवली मांजी थाना क्षेत्र के चोमाकोट माल में काले हिरण का शिकार करने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम चोमा कोट माल पहुंची। यहां पर एक जीप आती हुई नजर आई जिसमें चार व्यक्ति सवार थे। पुलिस टीम को देखकर जीप से उतर कर सभी लोग भागने लगे जिनमें से दो लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है जबकि दो लोग भागने में सफल रहे। पुलिस ने जब जीप को चेक किया तो उसमे एक काला हिरण का शव पड़ा हुआ था। पुलिस टीम ने अब्दुल कलाम (72) पुत्र अहसान उल्ला निवासी कोटा शहर और वसीम (39) पुत्र सफी उल्ला खान निवासी कोटा शहर को गिरफ्तार किया है।

# राजेन्द्र राठौड़ तारानगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस की राह आसान नहीं होगी



राजेन्द्र राठौड़



एडवोकेट सुभाष राठौड़ मानपुरा

- **अगर किन्हीं कारणों से राजेंद्र राठौड़ चुनाव चूरू विधानसभा से लड़ते हैं तो एडवोकेट सुभाष राठौड़ मानपुरा भाजपा का मुख्य चेहरा हो सकते हैं**
- **विडंबना की बात यह है कि आजादी के बाद से आज तक तारानगर विधानसभा क्षेत्र के किसी स्थानीय निवासी को कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं बनाया है**
- **वहीं वर्तमान तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया कांग्रेस का चेहरा हैं**

**ददरेवा/तारानगर/चूरू, (निसं)।** भाजपा के दिग्गज राजेन्द्र राठौड़ यदि अबकी बार तारानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस की राह आसान नजर नहीं आ रही है। हालांकि टिकट वितरण में हो रही देरी के चलते मतदाताओं द्वारा अपने-अपने उम्मीदवारों को टिकट मिलने के कयास लगाये जा रहे हैं।

एडवोकेट जयवीर सिंह राठौड़, ओकार सिंह महलाना, धर्मवीर चौधरी, धर्मेन्द्र स्वामी व सुरेश धानिया ने बताया कि अबकी बार तारानगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की राह आसान नहीं है। भाजपा के दिग्गजों द्वारा कांग्रेस के बिगाड़े समीकरण में सबसे बड़ा नाम नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ हैं, अगर किन्हीं कारणों से राजेंद्र राठौड़ चुनाव चूरू विधानसभा से लड़ते हैं तो एडवोकेट सुभाष राठौड़ मानपुरा भाजपा का मुख्य चेहरा हो सकते हैं क्योंकि तारानगर में राजपूत वोटों का खासा प्रभाव देखा जा सकता है। यहां राजपूत वोटों की संख्या 36 हजार बताई जा रही है एवं अन्य जातियों में भी छात्र जीवन से सुभाष राठौड़ का खासा प्रभाव भी रहा है तथा सुभाष राठौड़ की दिल्ली की पकड़ भी किसी से छुपी हुई नहीं है। इन्हें केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य डॉक्टर सुधा यादव और केंद्रीय रक्षा मंत्री ठाकुर राजनाथ सिंह से आशीर्वाद मिला हुआ है। सुभाष राठौड़ तारानगर के प्रमुख समाज सेवी हैं, कई समाज सेवी संस्थाओं ने उन्हें भामाशाह की उपाधि से कई बार नवाजा है।

वहीं वर्तमान तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया कांग्रेस का चेहरा है। इनका जाट वोटों पर खासा प्रभाव है। इस हिसाब से जाट मतदाताओं की संख्या को देखते हुए तारानगर विधानसभा क्षेत्र में महावीर पूनिया जिला उपाध्यक्ष भाजपा की दावेदारी भाजपा में मजबूत है, क्योंकि दोनों जाट जाति से आते हैं। वहीं राकेश जांगिड़ पूर्व उम्मीदवार भाजपा भी एक बार फिर से टिकट की दौड़ में शामिल हैं। इनको राजेंद्र राठौड़ नेता प्रतिपक्ष का आशीर्वाद प्राप्त है तथा तारानगर में इस बार भाजपा बहुत मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। मगर बिडंबना की बात यह है कि आजादी के बाद से आज तक तारानगर विधानसभा क्षेत्र का कोई स्थानीय निवासी को कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं बनाया है, जिसका हर बार स्थानीय कांग्रेसी विरोध करते आ रहे है। इस बार भी कांग्रेस के नेताओं ने आम सभा बुलाकर स्थानीय व्यक्ति को कांग्रेस की टिकट देने की पुरजोर मांग की है। इस दृष्टिकोण से बुडानिया को स्थानीय नेताओं की नाराजगी व विरोध का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अब देखने वाली बात यह है कि आखिर भाजपा तारानगर विधानसभा क्षेत्र से किसे उम्मीदवार बनाती है, तभी कुछ स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि आखिर ऊंट किस करवट बैठता है।

# जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में किया ऊर्जा का संचार

- **भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन को सर्वोपरि मानकर काम करने की प्रेरणा दी**

**उदयपुर, (कासं)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को उदयपुर संभाग के पदाधिकारियों की बैठक में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी ताकत पहचानने और संगठन को सर्वोपरि मानकर काम करने की प्रेरणा दी ।

नड्डा ने संगठन के प्रति सक्रिय रहकर समाज के सभी वर्गों को पार्टी की रीति नीति से जोड़ते हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा का कमल खिलाने का आव्हान किया। उन्होंने उन्होंने जिला पदाधिकारियो को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में पुराने और नए कार्यकर्ता कितने जुड़ रहे हैं इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसका समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में आकलन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विशेषकर युवा और महिला वर्ग के साथ-साथ एनजीओ और विभिन्न खेल संगठनों, लाभार्थियों और प्रभावी और प्रवासी कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शक्ति केंद्र और बूथ पर वोटर लिस्ट का अध्ययन करते हुए पेज प्रमुखों के माध्यम से प्रत्येक मतदाता से निरंतर संपर्क करने और उन्हें भाजपा के पक्ष में वोट दिलाने के लिए कहा। सम्मिलित प्रत्येक पदाधिकारी का व्यक्तिगत परिचय लिया और संगठन की संरचना का बारीकी से अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारी दी जाती है जो संगठन के विचार के आधार पर कार्य करता है व्यक्ति के आधार पर नहीं। उन्होंने जिला और विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति और समन्वय समिति से चुनाव सम्पन्न होने तक अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करने की बात कही।

प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में पार्टी की जीत का द्वार मेवाड से खुलता है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा केंद्र और प्रदेश द्वारा दिए गए सभी कायक्रमों में उदयपुर संभाग द्वारा सफल संयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विधानसभा चुनाव में संभाग से भारतीय जनता पार्टी सभी सीटों पर अपनी विजय पताका फहराएगी। दो सत्रों में प्रारंभ हुई संभाग बैठक में प्रथम सत्र में चित्तौड़गढ़ , उदयपुर शहर,उदयपुर देहात और प्रतापगढ़ जिले के पदाधिकारी और द्वितीय सत्र में राजसमंद,बांसवाड़ा और डूंगरपुर के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। संभाग के बैठक से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का डबोक एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह आदि साथ थे।

# दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**बाड़मेर, (निसं)।** थाना बाखासर पुलिस की टीम ने 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी लालाराम बिश्नोई पुत्र रामचंद्र राम निवासी खिलेरियों की ढाणी चितरडी थाना बाखासर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी एनडीपीएस और आबकारी एक्ट के अलग-अलग प्रकरण में पाचं साल से फरार चल रहा था। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एडिशनल एसपी सत्येंद्र पाल व सीओ चौहटन सुखराम विश्नोई को निर्देश दिए गए थे। आरोपी लालाराम विश्नोई के विरुद्ध साल 2018 में एनडीपीएस और आबकारी एक्ट में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज हुए। जिसमें यह घटना समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। बाखासर एसएचओ सूरजभान सिंह मय टीम द्वारा आसूचना व मुखबिर की सहायता से आरोपी लालाराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तीन और आबकारी एक्ट में एक प्रकरण दर्ज है।

# साहित्यकार नंद चतुर्वेदी का शताब्दी स्मरण कार्यक्रम आयोजित




जाने-माने कवि और साहित्यकार नंद चतुर्वेदी के शताब्दी स्मरण कार्यक्रम में वीएमओयू के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडाणी, साहित्यकार अंबिकादत्त मौजूद रहे।

**उदयपुर/कोटा, (कासं)।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय और राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जाने-माने कवि और साहित्यकार नंद चतुर्वेदी का शताब्दी स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीएमओयू के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडाणी ने की। परिचर्चा में बीज वक्तव्य जाने-माने कवि और साहित्यकार अंबिकादत्त ने दिया। दिल्ली के हिन्दू कॉलेज के आचार्य डॉ पल्लव ने मुख्य वक्तव्य दिया।

डॉ. पल्लव ने कहा कि नंद बाबू एक भविष्यदृष्टा कवि थे जो आसपास की घटनाओं पर बारीकी से नजर रखते थे। उन्होंने नंद बाबू के रचना संठाहों का जिक्र करते हुए कहा कि नंद बाबू ने सांसारिकता का चित्रण बखूबी किया और वह हमेशा आम-आदमी के पक्ष में खड़े दिखे। उनकी कविताओं में अतीत का चित्रण भी दिखा। डॉ. अंबिकादत्त ने कहा कि नंद बाबू परंपराओं का सम्मान करने वाले कवि थे और अपनी बात को सहज और रोचक ढंग से कहते थे। जाने-माने साहित्यकार अतुल चतुर्वेदी ने पत्र वाचन किया और अनेक संस्मरणों को सुनाया। उन्होंने कहा कि नंद बाबू समाजवाद से प्रेरित थे और वही उनकी लेखनी का मूल था। कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने कहा कि नंद बाबू विद्वान थे और गंभीर बात भी हंसी-मजाक में कह देते थे जिसका गहरा अर्थ होता था और उनसे सीखने को मिलता था। प्रो अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि नंद बाबू पर कोटा का गहरा प्रभाव रहा और यहां साहित्य मनीषियों से उनका लगाव बना रहा जो कि उनकी कृतियों में भी दिखता है। कवि महेन्द्र नेह ने कहा कि नंद बाबू समय के साथ चलते थे और अपने संघर्षों से नई राह का आव्हन किया। साहित्यकार पुरूषोत्तम पंचोली ने नंद बाबू के साथ के कई आत्मीय प्रसंगो का वर्णन किया। परिचर्चा का संचालन संदीप हुडा ने किया। परिचर्चा में विवि का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के लिए 642 दुकान-मकान तोड़े, लेकिन प्राइवेट बसों के बाड़े की दीवार ना टूटी

## नतीजन अंबाबाड़ी नाले पर जहां राव शेखाजी एलिवेटेड रोड खत्म हो रहा है, वहां मात्र 10 फीट की संकरी गली से वाहन गुजर रहे, यहां ट्रेफिक जाम से दिनभर लोग परेशान रहते हैं





अंबाबाड़ी नाले पर बनी सड़क की यह दोनों तस्वीरें नई झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड से ली गई है। बायीं तरफ प्राइवेट बसों के बाड़े के कारण सड़क मात्र 8-10 फीट चौड़ी रह गई है, ऐसे में सीकर रोड से जयपुर शहर में आने वाले वाहन चालकों को दिनभर भारी ट्रेफिक जाम से गुजरना पड़ता है। वहीं दांयी तरफ सड़क की चौड़ाई तो नजर आती है, लेकिन यहां भी सड़क के बीच में बना हुआ डिवाइडर हादसों को न्यौता दे रहा है।

-कार्यालय संवाददाता-

- जबकि जेडीए प्रशासन निवारू रोड टी-जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक प्रथम फेज का निर्माण कार्य पूरा कर चुका, जिसका उद्घाटन गत 5 अक्टूबर को हुआ था
- पानीपेच तिराहे के पास होटल चेतराम से अंबाबाड़ी तिराहे तक सड़क के बीच में बना हुआ डिवाइडर लोगों की मुसीबत, इसके आगे चौमूं पुलिया सर्किल तक बीआरटीएस कॉरिडोर के कारण प्रतिदिन लग रहा है भारी ट्रेफिक जाम

**जयपुर**। "जिसकी लाठी उसकी भैंस" वाली कहावत जयपुर विकास प्राधिकरण में पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। जेडीए प्रशासन ने झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के लिए 642 मकान और दुकानों को ध्वस्त कर दिया, लेकिन अंबाबाड़ी नाले पर प्राइवेट बसों के बाड़े की दीवार तक नहीं तोड़ सके। जबकि चौमूं पुलिया सर्किल पर ब्रिगेडियर हाऊस की दीवार भी तोड़कर सड़क चौड़ी की जायेगी।

इसके बावजूद प्राइवेट बसों के बाड़े की जगह नहीं लेकर वहां मात्र 10 फीट की संकरी गली से वाहन निकलने की मजबूरी पैदा करना समझ नहीं आ रहा। यह जगह किसी राजनैतिक रसूख वाले नेता की बताई जा रही है, मौके पर पूर्व विधायक के नाम का बोर्ड भी लगा हुआ है। इसके अलावा नाले पर बांस के सामान की अस्थायी दुकानें तक बनी हुई है, लेकिन जेडीए के अधिकारी इस जगह को खाली करवाने में पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं।

दरअसल जेडीए प्रशासन ने करीब 5 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद निवारू रोड टी-जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य पूरा किया है, जिसका उद्घाटन गत 5 अक्टूबर को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने किया है। इस प्रोजेक्ट पर अब तक 110 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में खुद मंत्री शांति धारीवाल ने कहा था कि निवारू रोड टी. जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के प्रथम फेज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। करीब 167 करोड़ रुपये इस प्रोजेक्ट पर खर्च हुए है। यह पुलिया बनने से झोटवाड़ा और कालवाड़ रोड पर रहने वाले 10 लाख लोगों को ट्रेफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। शांति धारीवाल ने कहा था कि एलिवेटेड रोड का 83 फीसदी काम पूरा हो चुका, इस पर 108.64 करोड़ रुपये अब तक खर्च हो चुके है।

मजेदार बात यह है कि जेडीए प्रशासन ने राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के लिए 542 मकान-दुकान तोड़कर जगह लेने में कोई परहेज नहीं किया, लेकिन पिछले 5 साल में अंबाबाड़ी नाले पर बांयी तरफ बने प्राइवेट बसों के बाड़े की दीवार तक तोड़कर सड़क की चौड़ाई नहीं बढ़ाई जा सकी। जबकि पुलिया का निर्माण कार्य ही इसी जगह से शुरू हुआ था, पिछले 5 सालों से यहां भारी ट्रेफिक जाम के कारण वाहनचालक रोजाना परेशान हो रहे हैं, लेकिन जेडीए के अधिकारियों को यह परेशानी नजर तक नहीं आती। जबकि खुद जेडीए के इंजीनियर्स ने अंबाबाड़ी तिराहे से लेकर बसों के बाड़े के पास तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाई है, लेकिन जैसे ही बात यहां पर अतिक्रमण हटाने की आई तो अफसरों ने चुप्पी साध ली।

इसी तरह पानीपेच तिराहे पर होटल चेतराम से लेकर अंबाबाड़ी तिराहे तक सड़क के बीचोंबीच बना हुआ डिवाइडर लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है, जेडीए के इंजीनियर्स ने यहां पुरानी सड़क को दुरुस्त तो किया, लेकिन डिवाइडर हटाना भूल गए। अंबाबाड़ी तिराहे से आगे चौमूं पुलिया सर्किल तक बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर में जेडीए ने निर्माण सामग्री डाल रखी है, अगर यहां भी सड़क चौडाई बढ़ाई जाए तो लोगों को काफी राहत मिले।

# घुमंतू समाज ने विधानसभा चुनाव में मांगा प्रतिनिधित्व



घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू तथा विमुक्त जाति संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी सोमवार शाम मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास रावण मंडी में मीडिया से रूबरू हुए।

**जयपुर** (कासं)। घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू तथा विमुक्त जाति संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी सोमवार शाम रावण मंडी मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास मीडिया से रूबरू हुए। संस्था के पदाधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में समाज को राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में लंबे समय से सक्रिय घुमंतू समाज के नेता रतन नाथन कालबेलिया को कपासन विधानसभा से टिकट नहीं तो कांग्रेस का राजनैतिक व सामाजिक बहिष्कार करेंगे।

राजस्थान में नवंबर माह में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोमवार शाम को घूमंतु,अर्द्ध घुमंतु विमुक्त जाति परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रतन नाथ कालबेलिया समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने मीडिया से बातचीत की थी। इनमें विभिन्न संगठन घुमंतु अर्ध घुमंतु विमुक्त जाति परिषद राजस्थान, घुमंतू बागरिया बागरी संस्था रायला, बंजारा महासभा राजस्थान,ऑल राजस्थान नायक समाज संस्थान जयपुर,भोपा समाज महासभा राजस्थान, कालबेलिया सपेरा महासंगठन संस्थान राजस्थान, पावा समाज महासभा राजस्थान,बोसफोर्ड समाज राजस्थान महासभा संस्थान जालौर, राणा डोली समाज संस्थान जयपुर,ऑल राजस्थान मिरासी महासभा जयपुर, डीएनटी वेल्फेयर सोसायटी राजस्थान,भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इन सभी का कहना था कि हम लोग पिछले दो दशक से कांग्रेस पार्टी और समाज की सेवा कर रहे हैं, लेकिन पार्टी ऐनवक्त पर उन लोगों को टिकट दे देती है जो समाज से जुड़े हुए नहीं है और समाज के नाम पर अपना घर भरने का काम करते है। ऐसे में वह पूरे प्रदेश में मात्र एक टिकट रतन नाथ कालबेलिया की मांग कर रहे है, अगर कांग्रेस पार्टी ने यह टिकट नहीं दिया तो पार्टी का सामाजिक, तथा राजनीतिक बहिष्कार किया जाएगा।

## सार-समाचार

### स्पोर्ट्स मीट की ट्रॉफी का अनावरण




**जयपुर** (कासं)। यूनियन फुटबॉल क्लब जयपुर के सानिध्य में प्रतिष्ठा स्पोर्ट्स स्कूल की ओर से सरदार पटेल मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ आईपीएस प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में ट्रॉफी का विमोचन स्पोर्ट्स सेक्रेटरी सोहनलाल चौधरी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. जी.एल.शर्मा, समाजसेवी समृद्धि शर्मा, आचार्य भिक्षु स्कूल की प्रिंसिपल पूजा मिश्रा, पदमचंद जैन, ऑल इंडिया इन्श्योरेंस एजेंट और यूनियन फुटबॉल क्लब के सचिव महिपाल स्वामी ने किया। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी और वेट लिफ्टिंग की 96 से अधिक टीमों ने एंट्री दी है। आज यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउंड पर 1000 खिलाड़ी और अभिभावकों ने खेलों का जमकर लुत्फ उठाया। प्रतियोगिता का संचालन कोर्डिनेटर अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राज नारायण शर्मा, माइकल रोसलर, आशीष जौहरी, नरेन्द्र सिंह और विजयदीप ने किया। यह प्रतियोगिता 3 दिन तक चलेगी। आगामी 18 अक्टूबर की शाम को विजेताओं को पारितोषिक दिया जायेगा।

### चोरी की बाइक के साथ बदमाश पकड़ा

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने झोटवाड़ा इलाके में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की 3 मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित साप्ताहिक लगने हाट बाजारों से मोटरसाईकिल चुराता था। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने झोटवाड़ा थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर विशाल सेन (24) निवासी नांगल जैसा बोहरा करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने तीन चोरी की बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी विशाल सेन शातिर वाहन चोर है। जो आसपास के इलाकों में शाम के समय लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजारों में मोटरसाइकिल की रेकी करके मोटरसाइकिल चोरी करता है। आरोपित चोरी की मोटरसाईकिल को सस्ते दामों में अज्ञात व्यक्तियों को बेचकर अपना शौक पूरा करता है। आरोपित ने झोटवाड़ा व करधनी इलाके में वाहन चोरी करना स्वीकार किया है।

### जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

**जयपुर**। अशोक नगर थाना इलाके में एक पिता द्वारा अपने एनआरआई बेटे की जमीन के नाम पर करोडो रूपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि रामपुरा रोड निवासी ताज मोहम्मद ने मामला दर्ज करवाया है कि प्रागेश्वर तिवाड़ी ने जनवरी 2023 में सी स्कीम स्थित सरोजनी मार्ग पर एक प्लॉट का 14 करोड़ रूपए में सौदा तय किया। यह प्लॉट प्रागेश्वर के एनआरआई बेटे अनिल तिवाड़ी के नाम पर है। आरोप है प्रागेश्वर ने प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बना इकरारनामा कर 1 करोड़ रूपए का चेक ले लिया। इसके बाद शेष रकम के दो चेक अलग-अलग बैंकों के ले लिए। वहीं, जब प्लॉट की रजिस्ट्री का नंबर आया तो अनिल तिवाड़ी ने मना कर दिया। पीड़ित ने प्रागेश्वर तिवाड़ी से संपर्क किया तो उसने बेटे को अमेरिका से लौटने पर रजिस्ट्री करवाने का वादा किया। लेकिन, आज तक भी रजिस्ट्री नहीं करवाई।

### दुकान से लाखों का कपड़ा चोरी

**जयपुर**। माणक चौक इलाके में एक नौकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर गारमेंट शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि करीम नगर विस्तार खोह नागोरियान निवासी हजरत अली ने मामला दर्ज करवाया है कि बापू बाजार में उसकी गारमेंट शॉप है। यहां आदिल पिछले 4 साल से नौकरी कर रहा था। आरोप है आदिल ने अपने दोस्त शाहरुख़ और उजेर के साथ मिल कर दुकान में से करीब 12 लाख रूपए का सामान चोरी कर लिया। यह चोरी की घटना दुकान में लगे कैमरों में कैद हुई है।

### मुहाना इलाके से युवक लापता

**जयपुर**। मुहाना थाना इलाके में एक युवक अचानक घर से गायब हो गया। पुलिस ने बताया कि आयकर नगर दित्तीय मुहाना निवासी बृजेश सिंह राजपूत ने गुमशुदगी दर्ज करवाई है कि उसका भाई विशाल सिंह (27) पिछले 4 दिन से घर से गायब है, जोकि घर पर बिना बताए निकला है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश में जुटी है।

### शांतिनगर में गरबा रास 19 को

**जयपुर**। वुमेंस एम्पावरमेंट एंड वेलफेयर सोसायटी और सहेली क्लब की ओर से शांतिनगर के श्रीराम पार्क जैन मंदिर में 19 अक्टूबर को शाम सात से रात्रि दस बजे तक गरबा रास का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा होंगे। अध्यक्ष सुशीला सारस्वत ने बताया कि इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं परंपरागत पोशाक में मातारानी के दरबार में डांडिया खनकाएंगी।

# मुख्य सरगना समेत तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की बारह बाइक बरामद की गई हैं। इन बाइकों की कीमत करीब 15 लाख रुपए से अधिक बनाई जा रही है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहनप चुराने वाले वाहन चोर सुशील माली निवासी नदबई जिला भरतपुर हाल सांगानेर,अरविन्द मीणा निवासी कुडगांव जिला करौली हाल शिप्रा पथ जयपुर और अभिषेक मीणा निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर हाल भांकरोटा को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर बारह चोरी के वाहन को जब्त किया। इन चोरी के वाहनों की बाजार कीमत 15 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपितों ने शहर में बड़ी संख्या में वाहन चोरी करना कबूला। आरोपित चोरी की बाइक को आसपास के इलाके में ही बेच दिया जाता था। जो पैसा मिलता था उस पैसे से तीनों अपने-अपने शौक पूरा कर लिया करते थे। पुलिस ने तीनों की निशानदेही से बड़ी संख्या में वाहनों की रिकवरी की साथ ही बदमाशों से पूछताछ जारी है। पुलिस को अंदेशा है कि पूछताछ में अन्य चोरी के वाहन भी बरामद कर सकती हैं। इस कार्रवाई में कांस्टेबल रामलाल, राजेश और रामवतार की अहम भूमिका रही।

## 1100 मंदिरों में होंगे हनुमान चालीसा पाठ

**जयपुर**। गंगापोल, सुभाष चौक की घटना के बाद जयपुर में असामाजिक तत्वों द्वारा हुई तोडफ़ोड़ और आगजनी के विरोध में चार अक्टूबर को बड़ी चौपड़ पर दिए गए विशाल धरने के बाद जयपुर बचाओ संघर्ष समिति की 8 मांगें प्रशासन के सामने रखी गई थी। इसी क्रम में छोटीकाशी में सौहार्द बना रहे इसके लिए हनुमत शक्ति जागरण के नाम से मंगलवार, 17 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे 1100 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का कार्यक्रम होगा। समिति के संयोजक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि यदि प्रशासन ने जयपुर बचाओ संघर्ष समिति की 8 मांगों को मानकर उनका तुरंत समाधान नहीं किया तो जयपुर बंद करके एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जयपुर की शांति व्यवस्था से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करेंगे।

# नर्सिंग कर्मियों ने एसएमएस अस्पताल प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन



सवाई मानसिंह चिकित्सालय प्रशासन द्वारा नर्सिंग कर्मचारियों को गेट नम्बर तीन स्थित पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने देने के विरोध में सोमवार को कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह चिकित्सालय प्रशासन की ओर से यहां कार्यरत नर्सिंग कर्मचारियों को गेट नम्बर तीन पर स्थित सबसे बड़ी पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने देने पर प्रदर्शन किया। इस दौरान नर्सेज नेता प्यारेलाल चौधरी, बलदेव चौधरी, मनोज दुब्बी ने अस्पताल प्रशासन के निर्णय को भेदभाव पूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला जयपुर के अध्यक्ष बलदेव सिंह चौधरी ने बताया कि 10 अक्टूबर को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के लिए पार्किंग स्थल की नई व्यवस्था में भेदभावपूर्ण रवैया अपना कर आदेश जारी किया गया। सवाई मानसिंह चिकित्सालय में कार्यरत स्वास्थ्य कार्मिकों में सर्वाधिक संख्या नर्सेज कर्मियों की है। अधिकतर कार्मिक अपने वाहनों को मुख्य भवन के गेट नंबर 3 पर स्थित सबसे बड़ी पार्किंग स्थल पर ही पार्क करते आ रहे हैं। हाल ही में चिकित्सालय प्रशासन ने तुगलकी आदेश जारी कर गेट नं 3 की पार्किंग केवल चिकित्सकों के लिए ही आरक्षित कर दी है। वहीं नर्सेज एवं अन्य स्टॉफ के लिए केवल धनवंतरी आउट डोर परिसर स्थित सबसे छोटी पार्किंग निर्धारित कर दी है, जो की सभी स्टॉफ के लिए अव्यवहारिक एवं अपर्याप्त है। सायंकालीन एवं रात्रिकालीन ड्यूटी में आने वाले कार्मिकों के लिए भी उपलब्ध नहीं रहती है।

जिला संयोजक रोशन लाल यादव ने बताया कि प्रशासन को उक्त आदेश निरस्त करने के लिए अवगत कराया गया लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। इससे नर्सेज में भारी रोष व्याप्त है। मजबूरन नर्सेज मंगलवार को सवाईमानसिंह चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक गेट मीटिंग कर विरोध प्रकट करेंगे।

## वैष्णो माता की 1100 दीपों से महाआरती

**जयपुर** (कासं)। खंडेलवाल सोशल ग्रुप जयपुर की ओर से नवरात्रि स्थापना के पावन अवसर पर एंटरटेनमेंट पैराडाइज के ईस्ट लॉन में डांडिया गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजक सीए अशोक तांबी और पुनीत खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजक अरुण पीतलिया ने बताया कि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की महाआरती 1100 दीपों के साथ महिलाओं और कन्याओं ने की। महोत्सव में शहरवासियों ने जम कर बॉलीवुड और गुजराती गीतों पर डांडिया खनकाए और वैष्णो माता की आरती व भजनों ने गरबा महोत्सव में आये हुए श्रद्धालुओं को मोहित किया।

# 'भा.क.पा. राज्य में 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी'

**जयपुर**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकरणी की मीटिंग हुई जिसमें राज्य विधानसभा चुनाव में लड़ी जाने वाली सीटों पर मंथन कर राज्य में 15 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय किया है।

सीपीआई के राज्य सचिव नरेंद्र आचार्य ने आज पार्टी कार्यालय में 11 सीटों को घोषित कर केंद्र को भिजवाया गया, उनमें उदयपुर से गोगुन्दा, सलूम्बर, गिर्वा, मावली, भीलवाड़ा से साहाड़ा, जोधपुर से सूरसागर, चुरू से रतनगढ़ , हनुमानगढ़ से पीलीबंगा, जालौर से सांचौर, सवाईमाधोपुर, प्रतापगढ़ से धरियावद शेष सीटों पर 19 तारीख तक अंतिम रूप दिया जाएगा जिसमें गंगानगर, अलवर , ब्यावर आदि सीट पर विचार मंथन चल रहा है। राज्य सचिव नरेंद्र आचार्य ने बताया कि पार्टी राज्य में वामपंथी दलों सीपीएम, सीपीआई(एम एल), समाजवादी पार्टी के समान विचारधारा के दलों से तालमेल करेगी और मिलकर चुनाव अभियान करने का प्रयास करेगी। पार्टी विधानसभा में वामपंथी, जनवादी धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति अपनाएगी।

## बच्चियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित

**जयपुर**। लायंस क्लब आदर्श नगर की ओर से सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदंबा कॉलोनी में शिक्षण कार्य के लिए कम्प्यूटर और छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित की गई। इस मौके पर क्लब आदर्श नगर के अध्यक्ष राजकुमार खुटेटा व सचिव आकाश गुप्ता समेत कई मौजूद थे।

## स्वच्छता अभियान का अवलोकन

**जयपुर** (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त आर्थिक सलाहकर एम एल मीना ने स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत पीआईबी और सीबीसी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने दोनों विभागों द्वारा चलाये गए स्वच्छता अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सीबीसी और पीआईबी जयपुर द्वारा विद्याधर नगर व पीआईबी जोधपुर द्वारा, प्रसार भारती कॉलोनी में आउट डोर केंपैन की जानकारी भी दी। केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक राम खिलाड़ी मीना ने ब्यूरो की विभिन्न इकाईयों द्वारा प्रदेश भर में चलाई जा रही स्वच्छता अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी ।



एसईपीसी के अध्यक्ष करण राठौड़, तेलंगाना सरकार के उद्योग विभाग में आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार शाखा प्रमुख के सचिव जयेश रंजन और हीराचंद ढांड ने एमआईपीसीओएम कान्स फ्रांस में भारत मंडप का उद्घाटन किया। मंडप का आयोजन केन्द्रीय सूचना मंत्रालय और प्रसारण, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय द्वारा किया गया है, जिसमें भारत से 100 से अधिक कंपनियां भाग ले रही है।

# गैंगस्टर गोल्डी बरार के नाम से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी

- विद्याधर नगर थाने में बिजनेसमैन ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई
- बदमाशों ने वाट्सएप पर फोन कॉल और मैसेज के जरिये धमकी दी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के बिजनेसमैन से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। गैंगस्टर गोल्डी बरार के नाम से धमकी देकर रंगदारी मांगी गई है। इंटरनेट कॉल करने के साथ ही धमकी भरे मैसेज भेजे गए हैं। पीड़ित बिजनेसमैन ने 12 अक्टूबर विद्याधर नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-2 विद्याधर नगर में रहने वाले 42 साल के बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह रायसिंह नगर गंगानगर के रहने वाले हैं। मुंबई में उनका पीओपी जिपस्म का कारोबार है। गत 9 अक्टूबर की दोपहर करीब 4 बजे मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर फोन करने वाले से नाम पूछा तो उसने कहा- मैं गोल्डी बरार गैंगस्टर के यहां से बोल रहा हूं। तेरी वीडियो कॉल से गोल्डी से बात करा देता हूं। कॉल मत काटना। यह सुनकर बिजनेसमैन ने कॉल काट दिया। एक मिनट बाद दोबारा उसी नंबर से कॉल आया। कहा- फोन मत काटना, तेरे अच्छे के लिए ही कह रहा हूं। दो करोड़ रुपए दे देना, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। यह सुनकर बिजनेसमैन दोबारा कॉल काट दिया। फिर कॉल आने पर काट दिया। उसके बाद इंटरनेट कॉल वाले नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया। डर के मारे उस समय मैसेज नहीं देखे ।

थोडी देर बाद पीड़ित ने मोबाइल में मैसेज देखे तो उसमें लिखा था, "ऐसे काम नहीं चलेगा... बात करेगा तो बच जाएगा। पांच करोड़ चाहिए तेरे से., गोल्डी बरार... कोई नहीं बचाएगा। किसी के पास मर्जी भाग ले। अब 2 करोड़ से 5 करोड़ रुपए की रंगदारी के लिए इंटरनेट कॉल और धमकी भरे मैसेज आने पर पीड़ित ने विद्याधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।



## Computer Learning Month


Computers now occupy almost every part of our lives, from the smartphones we spend our days communicating on, to the laptops and desktops that are the foundation of every business. It wasn't so long ago that the idea of using a computer wasn't a ludicrous or novel concept. Now we use them for everything, and people expect their businesses and their customers to be keeping up with the technological bleeding edge. Computer Learning Month is for those who have difficulty working with computers, or just need a little refresher to learn what they can do for us.



#DEMYSTIFY

# Mystery Of Gold In Earth's Mantle

Aside from being valued for their scarcity, aesthetic beauty, and use in high-tech products, gold and platinum are what is known as highly "siderophile" elements.



A new theory may explain how gold, platinum, and other precious metals found their way to shallow pockets within Earth's mantle rather than deep in the planet's core.

More broadly, the new theory offers insights into planet formation throughout the universe. The new work provides valuable information about the story of gold. It's a story that begins with violent collisions of large objects in space, continues in a half-melted region of Earth's mantle, and ends with precious metals finding an unlikely resting spot much closer to the planet's surface than scientists would have predicted.

"Our research is a good example of making an unexpected discovery after re-examining conventional wisdom," says Jun Korenaga, a professor of earth and planetary sciences at Yale University.

Korenaga and Simone Marchi, a researcher at SRI in Boulder, Colorado, are coauthors of the study in the Proceedings of the National Academy of Sciences.

Recent research from scientists around the world has established that precious metals such as gold and platinum came to Earth billions of years ago after the early proto-Earth collided with large, moon-sized bodies in space, which left behind deposits of materials that were folded into what is today's Earth.

But that absorption process has remained something of a mystery.

Aside from being valued for their scarcity, aesthetic beauty, and use in high-tech products, gold and platinum are what is known as highly "siderophile" elements. They are drawn to the element iron to such a degree that they would be expected to collect almost entirely in Earth's metallic core—either by merging directly with the metal core on impact or by sinking quickly from the mantle into the core.

By this logic, they should not have collected at or near the Earth's surface. Yet they did.

"Working with Simone, who is an expert on impact dynamics, I was able to come up with a novel solution to this conundrum," Korenaga says. Korenaga and Marchi's theory centers around a thin, "transient" region of the mantle, where the shallow part of the mantle melts and the deeper part remains solid. The researchers found that this region has peculiar dynamic properties that can efficiently trap falling metallic components and slowly deliver them to the rest of the mantle.

Their theory posits that this delivery is still ongoing, with the remnants of the transient region appearing as "large low-shear-velocity provinces"—well-known geophysical anomalies in the deep mantle.

"This transient region almost always forms when a big impactor hits the early Earth, making our theory quite robust," Marchi says.

The researchers say the new theory not only explains previously enigmatic aspects of Earth's geochemical and geophysical evolution, but it also highlights the wide range of time scales involved in Earth's formation.

"One of the remarkable things we found was that the dynamics of the transient mantle region take place in a very short amount of time—about a day—yet its influence on subsequent Earth evolution has lasted a few billion years," Korenaga says.



Before the latest round of fighting, Israeli leaders could argue that airstrikes and economic pressure kept Hamas off-balance, unable to pose a major threat to Israel. That argument will now hold little weight. Israel could continue to rain down fire on the Gaza Strip, but that would do little to shake Hamas's hold on power. Entering Gaza which is an urban maze may seem inevitable but it has its own set of challenges and fighting house to house to clear the terrorists will not be easy.

# ISRAEL HAS BEEN OUT THOUGHT

## BUT IT CAN'T AFFORD TO BE OUT FOUGHT






#GEOPOLITICS





Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

In what can easily be termed as one of the worst days in military terms in the history of Israel on 07 October exactly fifty years after the Yom Kippur War, the Hamas attack stunned the world. The multi- dimensional invasion took place at over twenty-two locations from the Gaza Strip including terrorists on para gliders targeting communities up to fifteen miles from the Gaza Strip border taking hostages back across a border that was supposed to be virtually impenetrable, with the most sophisticated electronic surveillance measures routinely patrolled and backed by quick reaction teams. It was undoubtedly a most well-coordinated, sophisticated and complex operation which has shaken the ground beneath the feet of Israel in multiple ways.

This was undoubtedly a monumental crash of all systems. There is no doubt that the current political gridlock resulted in damaging Israel's security. It has to introspect and place national security above its internal political bickering. The impact on a country where its internal issues have been all consuming as far as its people and polity are concerned has resulted in their inability to prepare adequately against external challenges.

Though war has been a perpetual concern in Israel, but it has been decades since Israelis have had to wonder whether this would be the day that their borders would be overrun and their enemies would roam the streets with wanton slaughter as their aim. The magnitude of the attack unfolding in Israel today remains unprecedented. Israeli Prime Minister Benjamin Netanyahu soon declared that his country was "at war."

### Dealing With the Gaza Strip

Home to about two million people, Gaza which is approximately 41km long and 10km wide, is an enclave bounded by the Mediterranean Sea, Israel and Egypt. Since the Hamas seized power in this Palestinian exclave in 2007, Israel has avoided large-scale, sustained ground operations there. In fact, in 2018 Israel's then Defense Minister Avigdor Lieberman had resigned in protest when Israel negotiated a truce with Hamas. At that time he had warned that;" "We are buying quiet for the short term at the price of serious damage to national security in the long term".

Before the latest round of fighting, Israeli leaders could argue that airstrikes and economic pressure kept Hamas off-balance, unable to pose a major threat to Israel. That argument will now hold little weight. Israel could continue to rain down fire on the Gaza Strip, but that would do little to shake Hamas's hold on power. Entering Gaza which is an urban maze may seem inevitable but it has its own set of challenges and fighting house to house to clear the terrorists will not be easy.

Operation Protective Edge in 2014 which lasted fifty-one days resulted in the deaths of over sixty Israeli soldiers, six Israeli civilians, and well over 2,000 Palestinians (mostly civilians), despite the fact that Israeli forces penetrated only a few miles into the Gaza Strip. It was the third major Gaza operation by the Israeli Armed Forces in seven years, and by far the most lethal and destructive. As per reports, thousands of Palestinians were wounded; over 18,000 of their homes were destroyed; some 470,000 were displaced; and large areas of Gaza were essentially razed. This time the outcomes point to greater severity but Hamas also has tunnels in much of the territory, and it could use these to orchestrate sudden attacks or take hostages. Collateral damage can swing public opinion hence a ground incursion in dense urban terrain poses a significant obstacle and operations will be painstakingly slow.

The attacks have aimed to draw attention to the fact that the conflict between Israel and the Palestinians has not been resolved and from the Palestinian perspective, their situation is getting worse.

### Difficult Choices

The priority for Israel is to recapture the areas over run by the Hamas and rescue their hostages. They will need to eliminate militants, prevent more infiltrators, and silence the rockets and mortars bombarding its population. Given the scale of Hamas's attacks and Israel's surprise, none of these tasks will be easy. Even if Israel succeeds, it faces difficult choices on what to do next to ensure that Hamas is weakened and that such an attack does not recur.

In the long run it faces greater challenges ranging from re-establishing the credibility of its security apparatus to include both the Israeli Armed Forces and its Intelligence Agencies Shin Bet and Mossad. The famed electronic means and technological superiority in gathering intelligence seems to have lost out on the basic human intelligence of sensing the sentiments as far as their willingness and ability to carry out such a savage attack is concerned.

> Israeli needs to re-establish deterrence against their adversaries which include both the Hamas and Hezbollah while preventing the spread of violence to the West Bank. In the larger context they will need to prevent the conflict from expanding by preserving their country's recent diplomatic gains. Undoubtedly, restoration of deterrence is one of the biggest challenges for Israel they need to send a convincing message that the price for attacking Israel will be too high and this has to be done in a way that they don't lose international support.

Israeli needs to re-establish deterrence against their adversaries which include both the Hamas and Hezbollah while preventing the spread of violence to the West Bank. In the larger context they will need to prevent the conflict from expanding by preserving their country's recent diplomatic gains.

Undoubtedly, restoration of deterrence is one of the biggest challenges for Israel they need to send a convincing message that the price for attacking Israel will be too high and this has to be done in a way that they don't lose international support. In the present case Israel has compelling reasons to use overwhelming force but they must not lose the moral advantage they have due to the gruesome images of the savagery inflicted on innocent citizens the images of which are widely circulating on the net. Hamas, Hezbollah and Iran, and other foes must see Israel as a strong power.

But the questions that needs to be answered is can the Hamas be replaced in Gaza strip as far as administrating it is concerned and will the Palestinian Authority under President who is presently confined to the West Bank be willing to step in and shoulder this responsibility or will the Palestinian Authority feel their Palestinian nationalist base will be eroded by aligning with Israel and rendering such support. Can other power centers in West Asia such as Egypt, UAE and Saudi Arabia throw their weight behind ensuring some sort of lasting solution.

### Need to Contain Conflict

The earlier wars were fought in a larger context described as Arab-Israeli Wars with conventional forces dominating. The 'Intifada' saw the Israeli troops in Lebanon though they finally had to withdraw but Lebanon continues to remain at the precipice bitterly divided with its economy in dire straits. Will the Hezbollah now risk retribution by opening up the Northern front and directly supporting the Hamas? The main issue of concern is being able to localize the conflict to the Gaza Strip. Israel will also seek to ensure that the West Bank remains relatively calm, especially if it mounts a ground incursion into Gaza. Previous Israeli military operations in the strip prompted large demonstrations in the West Bank. The West Bank is already in turmoil, with talk of a Third Intifada erupting. In both 2021 and 2022, the territory experienced high levels of violence, and 2023 is on track to be even worse, with nearly 200 Palestinians deaths this year.

Hamas's success has shown the path to Palestinians and exposed a weakness in Israel. The inevitable Israeli response will lead a large number of Palestinian deaths, injuries and displacements which will inflame Palestinian sentiment, even though Hamas started the conflict.

The principal challenge for President Abbas of the Palestinian led authority is how to insulate the West Bank from this bloody onslaught by the jihadis. Sucking the West Bank into the conflict will lead to more ordinary people suffering from the untold consequences of conflict.

The immediate concerns for the Israeli security establishment are almost certainly two-fold: to protect Israeli citizens under siege by Hamas terrorists who have infiltrated the country and to try to prevent Hezbollah from joining the conflict. They need to prevent expansion pf the conflict.

### Geo Political Fallouts

The Arab world was coming to terms with Israel. Saudi Arabia was talking about normalizing relations with Israel. The Abrahms Accord was viewed as bringing stability in one of the most volatile regions. The US was pressing Israel to make concessions to the Palestinian Authority. Hence this was an opportunity for Hamas and its backers to disrupt the whole process that was threatening them. There are analysts who say that while 'Hamas doesn't follow dictation from Iran, but they act in coordination, and they had a common interest in disrupting the progress that was underway and that was gaining a lot of support among Arab populations. The idea was to embarrass those Arab leaders who have made peace with Israel'.

The US and NATO are involved in the Russian – Ukrainian Conflict where they are pouring in billions of dollars into supporting a Ukrainian a counter offensive that has failed to even break though the forward defences. The images from Ukraine in fact pale in comparison to the brutality and inhumane behaviour of the Hamas. No doubt Zelenskky will not be dominating the front pages any longer and his recent meeting with Yaroslav Hunka, 98, a Nazi in the Canadian Parliament who has been termed a "Ukrainian hero, a Canadian hero" has further alienated a key support base of his.

The Arab powers have also been pivoting China recently due to a perceived decline in the US military presence and willingness to use their capability which was reinforced by their chaotic pull out of Afghanistan in August 2021. China is investing in areas such as infrastructure and helping countries with military hardware and technology more so their foreign policy tends to be friendlier to authoritarian regimes. Russia still remains relevant and has been the principal backer of the Syrians. A China-Iran- Russia axis supporting the Hamas can be divisive.

Israel's response maybe disproportionate in a bid to divert attention away from their failure to gauge such an attack. But an uncalibrated retaliation also has its pitfalls. While they do hold the moral high ground this time given the brutality of attacks including those on the participants of a music concert and display of disturbing visuals which have the potential of driving a wedge in society. For a terrorist group there are no rules of war as they are not governed by any Conventions hence more performative the images the greater is their visibility.

Resolving a centuries old issue is challenging but this escalation in violence will have far reaching regional and global implications. While the immediate priority is to counter the attack but, Israel will have to answer its citizens as to how, in the modern era, it has suffered a massive security setback. Finding the answer is essential to its future security.

From a military perspective there is no comparison between the power capabilities of Hamas and Israel. Mohamed Dief must be well aware of military wisdom of the Prussian Field Marshal Moltke the Elder which still ring true; "no plan survives contact". Due to its overwhelming superiority, the military outcome is hardly in doubt. But wars are not won or lost on military factors alone. The US learned this timeless lesson in both Iraq and Afghanistan. To quote General Petraeus in 2003, who in the opening weeks of the US invasion of Iraq famously asked a journalist, "Tell me how this end."

rajeshsharma1049@gmail.com

#TRIED & TASTED

# Weight Loss Smoothies

Turn your body into a hyper-efficient fat-burning machine by revving up your metabolism.

If you had the power to make your life better in just 30 seconds, would you use it? Well, that power is yours. With the simple push of a button, you can blend up weight loss smoothies that turn your body into a hyper-efficient fat-burning machine. Weight loss smoothies can help rev your metabolism, tone and define your muscles, and turn off the genes that contribute to fat storage and a myriad of chronic health issues. All you need is a blender to create the perfect weight-loss smoothie.



### Berry Cauliflower Smoothie



This beautiful drink beams with a stunning purple colour thanks to the blueberries that entice you to drink it. Although the addition of cauliflower may throw you off at first, this vegetable actually enhances the creaminess of the drink, also providing you with tons of nutrients. Scoop in some protein powder or peanut butter for a filling and satisfying weight loss smoothie!

- 1 scoop Vanilla Tone It Up Protein
- 1 cup unsweetened almond milk
- 1/2 cup frozen cauliflower rice or whole pieces
- 1 Tbsp. peanut butter
- 1/2 cup blueberries
- 1 Tbsp. ground chia seeds


### Raspberry Peach-Swirled Smoothie



There's something to be said about classic peaches and cream flavour. The addition of raspberries adds a nice tartness to the smoothie mix, while the Greek yogurt creates a creamy consistency. The best part? All of the fruits are naturally sweetened, so no need to pour in extra sugar, making this a great weight-loss smoothie!


- 1/2 cup frozen unsweetened raspberries, thawed
- 1/3 cup orange juice
- 2 5.3-oz cartons of non-fat vanilla Greek yogurt
- 1 1/2 cups frozen peach slices
- 1 ripe banana, cut into 2-inch chunks and frozen for at least 2 hours
- 1 Tbsp honey
- 1/4 tsp ground ginger
- Fresh raspberries (optional)

### Chocolate Coconut Banana Smoothie



You'll go coco-nuts for this smoothie that tastes like dessert, but actually can help you achieve your weight loss goals. A high-protein (thanks to the addition of Greek yogurt), fat-burning, energy-boosting smoothie that will satisfy your sweet tooth can all be made in under 5 minutes.

- 1 5.3-ounce carton plain Greek yogurt
- 1 small banana, peeled, sliced, and frozen
- 1/2 cup ice
- 1/2 cup refrigerated unsweetened coconut milk
- 1 Tbsp unsweetened cocoa powder
- 1 Tbsp honey
- 1/2 tsp vanilla
- 1 Tbsp unsweetened flaked coconut, toasted
- 1 Tbsp finely chopped dark chocolate



### Strawberries and Cream Smoothie

A simple recipe goes a long way with this strawberries and cream smoothie. A paleo treat, it's perfect for when you need a sugar fix, as you get to reap the benefits of all the good things strawberries have to offer. It may even taste so much like a strawberry milkshake you probably won't miss the real (and unhealthier) thing.

- 1 1/2 cups fresh strawberries, halved
- 1 Tbsp coconut sugar
- 1/2 tsp kosher salt, divided
- 1 can coconut milk, including the water, refrigerated overnight
- 1/2 tsp vanilla extract
- 3/4 cup cashew milk, frozen overnight in an ice cube tray
- 1 tsp fresh lemon juice


### Kale Recharge Smoothie

With a low protein count, this smoothie wouldn't qualify as a meal replacement, but it does pair well with a healthy bowl of sprouts.

- 1 frozen, very ripe banana
- 1 Tbsp fresh parsley (or cilantro)
- ¾ cup spinach, loosely packed
- 1 tsp ginger, grated
- ¾ cups curly kale, stems removed, loosely packed
- ½ cup carrots, chopped
- 1 tsp lime juice
- 8 ounces water
- 4 ice cubes



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# युवक की हत्या करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब की बिन्नी गुज्जर गैंग के सक्रिय सदस्य हैं

**बाड़मेर, (निसं)।** बाड़मेर शहर के सदर थाना क्षेत्र में गत तीन अक्टूबर को दिनदहाडे युवक पर फायरिंग कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब की बिन्नी गुज्जर गैंग के सक्रिय सदस्य है। जिनके विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हो रखे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पैसों के आपसी लेनदेन को लेकर वारदात को अंजाम दिया। मामले में अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी शेष हैं। जिसको लेकर पुलिस प्रयास कर रही हैं।

इस संबंध में एसपी दिगंत आनंद ने सोमवार को सदर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि गत 3 अक्तूबर को प्रार्थी हरभजनसिंह ने एक लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया की मेरा भाणेज हरपालसिंह उर्फ रिंकू पुत्र सुखमन्द्रसिंह निवासी जमीतेवाला, लालगढ़ जिला श्रीगंगानगर जो भगवती मौटर गैराज सांचौर रोड़, बाड़मेर चलाता है। सोमवार वह करीबन दोपहर 3.30 बजे रिंकू भारत मोटर्स गैराज, महाबार रोड़ पर गया हुआ था। वहां पर मुलजिम रघु उर्फ भुपेन्द्रसिंह उर्फ बिन्दा अपने साथियों के साथ पंजाब नम्बर की स्विप्ट कार में आया तथा गैराज के गेट पर रिंकू को आवाज देकर बाहर बुलाया तथा उसे जान से मारने की नियत से उस पर पिस्टल से फायर किये। जिससे



बाड़मेर में युवक की हत्या करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गोली लगने से रिंकू नीचे गिर गया तथा आरोपी स्विफट गाड़ी में सवार होकर वहां से भाग गये।

थोड़ी देर में मेरे को आरोपी रघु उर्फ भुपेन्द्रसिंह उर्फ बिन्दा ने कॉल कर कहा कि हरपालसिंह का ईलाज कर दिया है। अब तेरी बारी है। उसके बाद घायल रिंकू को हॉस्पीटल लेकर गये। जहां से जोधपुर रेफर किया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। शहर में दिनदहाडे हुई फायरिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद तुंरत घटनास्थल पर पहुंचे व विभिन्न टीमें गठित कर निर्देशित किया गया। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलन करवाया गया।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किये गये। तत्पश्चात मृतक की पृष्ठभूमि तथा संदिग्ध आरोपी रघु उर्फ भुपेन्द्रसिंह उर्फ बिन्दा की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी प्राप्त कर शहर के विभिन्न रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटैज का विश्लेषण किया गया। ऑपरेशन के दौरान भारी पुलिस बल को देखकर मुलजिम अभिषेक उर्फ अभि उर्फ भट्टी व मुलजिम अमृतसिंह उर्फ अमृत मकान की उपरी मंजिल से नीचे कूदकर भागने का प्रयास किया। जिस पर टीम द्वारा पीछा कर दस्तयाब किया गया। वही अन्य संलिप्त मुलजिम रघु व रजत की तलाश जारी है। जिनको शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाकर प्रयुक्त वाहन व हथियार बरामदगी के प्रयास किये जायेंगे।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि

■ आरोपियों ने पैसों के आपसी लेनदेन को लेकर वारदात को अंजाम दिया था

मुलजिम रघु उर्फ भुपेन्द्रसिंह उर्फ बिन्दा जो पंजाब में बिन्नी गुज्जर गैंग का सक्रिय सदस्य होने से उसके खिलाफ 13 आपराधिक प्रकरण है तथा हत्या के प्रकरण में सजायाब होने से पंजाब से भागकर पश्चिमी राजस्थान में अपना नाम बदलकर फरारी काट रहा था। मौका मिलने पर अपनी स्विफट गाड़ी में सवार होकर दिनदहाड़े अपने पुराने मित्र रिकुं उर्फ हरपालसिंह को गोली मारकर हत्या कर वहां से फरार हो गये। वारदात में शामिल आरोपियों रघु उर्फ भुपेन्द्रसिंह उर्फ बिन्दा पुत्र जरनेलसिंह वाल्मिकी निवासी ग्राम अरहाना, जिला होशियारपुर, पंजाब, अभिषेक भट्टी उर्फ भट्टी उर्फ अभी पुत्र अशोक कुमार वाल्मीकी निवासी भगतनगर पुलिस थाना मॉडल टाउन जिला होशियारपुर पंजाब, अमृतसिंह उर्फ गडेल उर्फ अमृत पुत्र गुरमीतसिंह जाति सिक्ख निवासी कमालपुर पुलिस थाना मॉडल टाउन जिला होशियारपुर पंजाब और रजत पुत्र तरसेम लाल सिक्ख निवासी कीर्ती नगर थाना मॉडल टाउन जिला होशियारपुर, पंजाब में से पुलिस ने अभिषेक भट्टी उर्फ भट्टी उर्फ अभी व अमृतसिंह उर्फ गडेल उर्फ अमृत को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

# पूरण हत्याकांड में दो महिलाओं सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

## परिजनों ने किया प्रदर्शन, उचित मुआवजे के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त



समाज के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हॉस्पिटल मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले होटल संचालक पूरण रेगर का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और जहां दो महिलाओं सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तो वहीं दूसरी ओर समाज के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आठ घंटे तक हॉस्पिटल मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया।

सहाड़ा एडिशनल एसपी रोशन पटेल ने बताया कि होटल संचालक पूरणमल पुत्र उदयराम रेगर का किडनैप कर हत्या के मामले में धोली आसींद हाल बाबा धाम निवासी अजय सिंह उर्फ गोली पुत्र घनश्याम सिंह, चपरासी कॉलोनी निवासी प्रीतम सिंह पुत्र राजेश सिंह राठौड़, करेड़ा निवासी किशन पुत्र छोगा भारती, कोटा निवासी दिनेश पुत्र भगवान लाल, चित्तौड़गढ़ राशमी निवासी मुकेश पुत्र कैलाशपुरी, विजयनगर अजमेर निवासी धर्मवीर पुत्र छोटू लाल सोनी, करेड़ा राजपुरा निवासी पारस देवी पत्नी किशन भारती और

■ तीन दौर की वार्ता के बाद मांगों पर सहमति बनी, शव का अंतिम संस्कार किया

■ रायपुर थाना क्षेत्र के धुरिया खेड़ा गांव के बाहर जंगल में पूरणमल का शव मिला था

सविता पुत्री किशन भारती को गिरफ्तार किया गया।

रविवार दोपहर को रायपुर थाना क्षेत्र के धुरिया खेड़ा गांव के बाहर जंगल में एक युवक का 5 दिन पुराना सड़ा गला शव मिला था। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त पूरणमल के रूप में कि थी। मृतक रायपुर उपखंड कार्यालय के बाहर चाय की होटल चलाता था मृतक के पिता उदा राम ने बताया कि 8 अक्टूबर को उसका बेटा हमेशा की तरह चाय के होटल पर गया रात को वह नहीं लाता और उसका फोन भी बंद था। इसकी सूचना पिता ने रायपुर थाने में दी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस की जांच में पास ही लगे सीसीटीवी फुटेज में करीब 12 पूरणमल के घर लौटते समय एक कर में सवार होकर आए लोगों द्वारा उसे जबरन अपहरण कर ले जाने की बात सामने आई।

लगातार पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस दौरान उसकी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों और समाज के लोगों ने मुआवजा सरकारी नौकरी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर रायपुर बोर्डर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया और 8 घंटे तक प्रदर्शन किया। तीन दौर की वार्ता के बाद मांगों पर सहमति बन पाई और पुलिस की मौजूदगी में मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# बस ने कंटेनर को मारी टक्कर, छह यात्री घायल





गांव मूंडिया बाईपास पर सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई बस।

**निवाई, (निसं)।** सोमवार की शाम पांच बजे लोक परिवहन की बस ने कंटेनर के पीछे से टक्कर मार दी जिससे बस में सवार 6 यात्री घायल हो गए। बस सवार यात्रियों के चिल्लाने की आवाजें सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर आए और घायल यात्रियों को संभाला। सूचना मिलते ही सदर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

सदर थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि गांव मूंडिया बाईपास पर शाम पांच बजे तेज गति से कोटा जा रही लोक परिवहन की बस ने ओवरटेक करते समय कंटेनर के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे लोक परिवहन बस में बैठे 6 यात्री घायल हो गए और बस क्षतिग्रस्त हो गई। घायल यात्रियों का एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और शेष यात्रियों को अन्य बसों में सवार करवाकर गंतव्य स्थान के लिए रवाना करवा दिया।

## हादसे मे पिता की मौत, पुत्री घायल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र से गुजर रहे निम्बाहेड़ा-आसींद मार्ग पर खेत से बाइक पर घर लौट रहे पिता-पुत्री को पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल पिता ने उदयपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि बेटी का एमजी चिकित्सालय में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार न्यू बापूनगर भीलवाड़ा निवासी दीपक राव ने हादसे की रिपोर्ट दी, जिसमें बताया गया है कि परिवादी के काका चांदमल मोड का निम्बाहेड़ा निवासी थे, जो शाम को खेत से बाइक पर घर के लिए रवाना हुये। उनके साथ बेटी मंशा भी थी। पिता-पुत्री निम्बाहेड़ा आसींद रोड़ पर पानी की टंकी के पास पहुंचे थे कि एक पिकअप ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में चांदमल व उनकी बेटी मंशा गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। चांदमल की हालत नाजूक होने से उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया गया। जहां चांदमल की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# नवविवाहित प्रेमी जोड़े ने एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई

## विवाहिता ने पीहर पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**अजमेर, (कासं)।** जिले के किशनगढ़ कस्बे के रहने वाले नवविवाहित प्रेमी जोड़े ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट को ज्ञापन सौंपकर जान माल व सुरक्षा की गुहार लगाकर पीहर पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

विवाहिता ने अपने पीहर पक्ष पर स्वयं के अगुवा किए जाने, दवाब बनाकर तलाक करवाने का आरोप लगाया है। अपने पति मनीष कुमार के साथ नवविवाहिता नीतू साहू सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय अजमेर पहुंची। किशनगढ़ निवासी नवविवाहित प्रेमी जोड़े ने एसपी चूनाराम जाट के समक्ष उपस्थित होकर पीहर पक्ष पर आरोप लगाते हुए शिकायत देकर जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

एसपी जाट को दिए ज्ञापन में विवाहिता नीतू साहू ने अपने पीहर पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पीहर वाले प्रेम विवाह में न सिर्फ अड़चन डाली, बल्कि उसके ससुराल से उसे अगवा भी कर लिया। इस दौरान पीहर लाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट भी की गई और साथ ही उसके ससुराल पक्ष और उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। एसपी को नवदंपति ने बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की और अपने बालिग होने का अधिकार प्राप्त किया। इसके विपरीत वधू नीतू साहू के परिजन ने उन्हें प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। विवाहिता नीतू साहू ने बताया कि उसकी शादी के खिलाफ उसके परिजन उस पर अत्याचार भी किया। नीतू ने बताया कि यदि भविष्य में उसके साथ किसी तरह की अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी उसके पीहर पक्ष की होगी।

## डंपर की टक्कर से एक की मौत

**निवाई, (निसं)।** दतवास में पंचायत भवन के पास रविवार की देर शाम पैदल चल रहे किसान के एक डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर दत्तवास थाना अधिकारी मूलचंद वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे व शव निवाई सीएचसी लेकर आए। जहां शव को मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान केसरा मीणा पुत्र जगन्नाथ मीणा उम्र 50 वर्ष निवासी डाबर वाली ढाणी दत्तवास के रूप में हुई। पुलिस द्वारा डंपर को जब्त कर चालक को डिटने ही गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# चुन्नी का फंदा लगाकर छात्रा ने आत्महत्या की

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र स्थित यूआईटी कॉलोनी में रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा ने अपनी चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर जवाहर लाल नेहरू पहुंचाया, जहां पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजन के सुपुर्द किया। घटनास्थल पर पुलिस को किसी प्रकार को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया।

रामगंज थाने के एएसआई गिरधारी सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के यूआईटी कॉलोनी निवासी विनोद कुमार की नाबालिग पुत्री ने घर के पीछे वाले कमरे में लगी गैस की पाइप लाइन पर चुन्नी से फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

परिवार के लोग जब वहां पहुंचे तो छात्र फंदे पर लटकी मिली। परिजन फंदे से उताकर जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची रामगंज थाना पुलिस सोमवार सुबह परिजन की मौजूदगी में छात्रा के शव पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजन के सुपुर्द कर दिया। एएसआई सिंह ने बताया कि छात्रा 9वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह मिर्गी की बीमारी के चलते थोड़ी परेशान रहती थी। छात्रा के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लूणकरणसर में ओले गिरे

**लूणकरणसर, (कासं)।** रविवार को लूणकरणसर समेत कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और साथ में ओले भी पड़े। इससे अब तापमान गिरने के साथ ही ठंड बढ़ने का अनुमान है। रविवार को दिनभर मौसम साफ रहने के बाद शाम को नवरात्र के पहले दिन अचानक ही तेज गर्जना के साथ क्षेत्र के कई में हल्की बारिश हुई। कुछ क्षेत्रों में हल्के ओले भी गिरे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को दिनभर मौसम साफ रहा लेकिन शाम अचानक ही तेज गर्जना के साथ आसमान में काले बादल छा गए तथा क्षेत्र के कपूरीसर, मलकीसर, पीपेरा आदि क्षेत्र हल्की बारिश हुई वहीं कांकड़ाला क्षेत्र में 5-7 आगुंल बारिश होने के समाचार मिले है और बारिश के साथ हल्के ओले भी गिरे। बीकानेर के साथ ही जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर में भी बारिश होने की संभावना है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने पीडि़ता को दिल्ली से किया दस्तयाब

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना पुलिस ने सोमवार को कार्यवाही करते हुए नाबालिग से रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पीडि़ता को घूमने के बहाने अलग-अलग जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दी। पुलिस ने पीड़िता को दिल्ली से दस्तयाब कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी है।

अलवर गेट थाना प्रभारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि 6 सितंबर को पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत देते हुए सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीडित् पिता ने आरोपी सुनील पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप भी लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

थाना प्रभारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि पुलिस टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर कई स्थानों पर दबिश दी थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दिल्ली से पीड़िता को दस्तयाब कर लिया है। पुलिस को दिए बयानों में पीडिता ने बताया कि आरोपी सुनील उसे घुमाने के बहाने ले गया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सुनील पुत्र पप्पू राम रेगर को गिरफ्तार किया। आरोपी पीड़िता को लेकर जोधपुर, अहमदाबाद, गांधीनगर और दिल्ली ले जाकर उसके साथ रेप की वारदात अंजाम दी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सुनील को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

# 250 लीटर वाश व तीन भट्टियों को नष्ट किया



गांव सजिया की खाल्या की ढाणी में वाश व भट्टियां को नष्ट करते हुए पुलिसकर्मी।

**निवाई, (निसं)।** पीओ निवाई रामसहाय नारेडा के नेतृत्व में सोमवार को विधानसभा आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए गांव सजिया की खाल्या की ढाणी में रेड गश्त कर खाल्या की ढाणी में बनी नाडी व खाल में निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए करीबन 250 लीटर उत्तेजित वाश व तीन भट्टियों मौके पर नष्ट किया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब बनाने वालों की पहचान कर अभियोग दर्ज किया जायेगा। इस दौरान टीम में प्रहराधिकारी रामसहाय नारेडा, जमादार सुरेन्द्र सिंह, सिपाही मनोहर सिंह, पृथ्वी सिंह, रामदयाल, मदन लाल, हरद्वारी लाल व लक्ष्मी मीणा मौजूद थे।

# सीमा बंजारा हत्याकांड में कार्रवाई की मांग, कलेक्ट्री पर प्रदर्शन से रोका

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना इलाके में गत दिों लूट की नीयत से मौत के घाट उतारी गई सीमा बंजारा को न्याय दिलाने की मांग करते हुए सैकड़ो की संख्या में बंजारा समाज के लोगों ने पटेल नगर से कलेक्ट्री की ओर कूच किया तो पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए आक्रोशित भीड़ को पटेल नगर में ही रोक दिया, फिलहाल समझाइश का दौर जारी है।

जानकारी के अनुसार गत दिनों सदर थाना क्षेत्र के प्रियदर्शनी नगर में एक निर्माणाधीन खंडार नुमा मकान के बाथरूम में गला रेती हुई सीमा बंजारा की लाश मिली थी। पुलिस ने 24 घंटे में इस वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी शोएब सिलावट को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया था कि आरोपी शोएब मजदूरी का काम करने वाली सीमा को बाइक पर



सीमा बंजारा हत्या मामले में न्याय दिलाने की मांग करते हुए सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया।

बिठाकर इस मकान में लाया था। शराब पार्टी करने के बाद सीमा के पहने हुए आर्टिफिशियल गहनों को सोने का समझ कर शोएब ने लूट की नीयत से गला रेत कर सीमा की हत्या कर दी और ज्वैलरी लूट कर फरार हो गया था।

पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। अब इस मामले में बंजारा समाज हिंदूवादी संगठनों के समर्थन के चलते आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई,

■ आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, मृतका के परिवार को 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की

मृतका के परिवार को 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहा है। जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौजूदगी ने कूच किया तो प्रताप नगर थाना प्रभारी महावीर मीणा मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और आक्रोशित भीड़ को आचार संहिता का हवाला देते हुए कलेक्ट्री पर प्रदर्शन करने से रोक दिया। पटेल नगर में धरना प्रदर्शन पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद शांत हुआ।



1.4 अरब भारतीयों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, एक धर्म है ! मुझे खुशी है कि यह ऐतिहासिक प्रस्ताव हमारे देश में मुंबई में हो रहे 141वें आईओसी सत्र में पारित किया गया। – नीता अंबानी

रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर अध्यक्ष, दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल किये जाने पर बधाई देते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶

## मुजीबउर रहमान



**अफगानिस्तान** कप्तान शहीदी ने कहा कि आज इंग्लैंड के खिलाफ मिली 69 रनों की इस जीत ने हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाया और हम आगे भी इसे जारी रखना चाहेंगे। शहीदी ने कहा कि सलामी जोड़ी ने हमें बहुत अच्छी शुरुआत दी लेकिन हमने आज भी मध्यमक्रम के ओवरों में विकेट गंवाए। यह एक ऐसा पहलू है जिस पर हमें विचार करने की ज़रूरत है। मुजीबउर रहमान ने पाकिस्तान के खिलाफ भी गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था और आज उन्होंने एक बार फिर अपने प्रदर्शन को दोहराया। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने कहा कि यह काफ़ी निराशाजनक है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट के इतिहास में केवल चार टैस्ट सीरीज बिना हार-जीत के समाप्त हुई जिनका प्रत्येक मैच ड्रॉ रहा, इनमें से दो सीरीज लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच हुई।

# वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की पहली जीत, श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

### मार्श-इंग्लिस के अर्द्धशतक, जम्पा ने चटकाए 4 विकेट

लखनऊ, 16 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 में पहली जीत हासिल कर ली है। टीम ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। मार्कस स्टोयनिस ने छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में श्रीलंकाई टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43.3 ओवर में 209 रन पर ऑलआउट हो गई। 210 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 35.2 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि एडम जम्पा ने 4 विकेट चटकाए।



जोश इंग्लिस ने वनडे करियर का दूसरा अर्धशतक जमाया। यह उनका पहला वर्ल्ड कप अर्धशतक है। उन्होंने 59 बॉल पर 98.31 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए। इंग्लिस की पारी में 5 चौके और एक छक्का शामिल रहा। मिचेल मार्श के आउट होने के बाद मार्नस लाबुशेन ने जोश इंग्लिस के साथ चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। दोनों ने 86 बॉल पर 77 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को दिलशान ने लाबुशेन को आउट करके तोड़ा। मिचेल मार्श ने वनडे वर्ल्ड कप में पहली फिफ्टी जमाई है। यह उनके वनडे करियर की 18वीं हाफ सेंचुरी भी है। मार्श ने 39 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 51 बॉल पर 101.96 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके शामिल रहे।

24 रन पर वॉर्नर और स्मिथ के विकेट गंवाने के बाद मिचेल मार्श ने लाबुशेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। दोनों ने 62 बॉल पर 56 रन की पार्टनरशिप की। यह पार्टनरशिप मार्श के रनआउट से टूटी। पहली पारी में श्रीलंकाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 43.3 ओवर में 209 रन पर ऑलआउट हो गई।

श्रीलंकाई टीम की ओर से पथुम निसांका ने 61 और कुसल परेरा ने 78 रन बनाए। इन दोनों के अलावा, चरिथ असलंका ने 25 रन का योगदान दिया। शेष बैटर्स खास प्रदर्शन नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से एडम जम्पा ने 4 विकेट विकेट हासिल किए। कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को दो-दो विकेट मिले। ग्लेन मैक्सवेल को भी एक सफलता मिली।

श्रीलंकाई पारी के मिडिल ओवर्स में स्पिनर एडम जम्पा ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने चार विकेट लेकर श्रीलंकाई टीम के मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़ दी। शाम 4:42 बजे श्रीलंकाई पारी में 32.1 ओवर्स डले थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। करीब आधे घंटे के इंतजार के बाद शाम 5:10 पर खेल दोबारा शुरू हुआ, हालांकि ओवर्स में कटौती नहीं की गई। कुसल परेरा ने 78 रनों की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर की 16वीं हाफ सेंचुरी पूरी की। 82 बॉल की पारी में निसांका ने 12 चौकों के सहारे 95.12 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

## नीरज, दीपिका सहित कई हस्तियों ने ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की वापसी फैसले का किया स्वागत

मुम्बई 16 अक्टूबर। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण सहित कई अन्य हस्तियों ने लंबे इंतजार के बाद लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी का स्वागत किया है। मुंबई में हुए 141वें आईओसी सत्र में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने सोमवार को औपचारिक रूप से लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने की घोषणा की। बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश के साथ, क्रिकेट भी लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक गेम्स में शामिल करने के लिए एलए28 आयोजन समिति द्वारा प्रस्तावित पांच अतिरिक्त खेलों में से एक था। एक सदी से भी लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक खेल में क्रिकेट की वापसी का खिलाड़ियों ने दिल से स्वागत किया गया। प्रशंसकों और मशहूर एथलीटों से लेकर बॉलीवुड सुपरस्टार तक सभी ने आईओसी के इस फैसले की सराहना की।

भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा, यह भारत के लिए बहुत अच्छी खबर है क्योंकि हमारे पास एक शानदार क्रिकेट टीम है और कुछ शानदार और उभरते हुए खिलाड़ी हैं जिनमें काफी संभावनाएं हैं। इससे क्रिकेट को भी फायदा होगा, क्योंकि ओलंपिक में प्रवेश से दुनियाभर में इसके लिए रुचि बढ़ेगी।

उन्होंने कहा, इस खेल को एलए 28 में शामिल किए जाने से क्रिकेट का वैश्विक स्तर पर विस्तार होने और अधिक से अधिक देशों को इस खेल को गंभीरता से लेने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अवसर मिलेगा। भारतीय हॉकी स्टार पीआर श्रीजेश ने कहा, क्रिकेटरों के लिए यह एक एथलीट के जीवन को जानने का मौका है। वे आमतौर पर बेहतरीन जगहों की यात्रा करते हैं और आलीशान होटलों में रुकते हैं। लेकिन जब वे ओलंपिक विलेज पहुंचेंगे, तो उन्हें कई ओलंपियन, पदक विजेता और दिग्गज अंतरराष्ट्रीय एथलीट दिखाई देंगे।

## हॉकी अकादमी चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश का दबदबा

ग्वालियर, 16 अक्टूबर। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2023 – (जोन ए) के पांचवें दिन सोमवार को मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी और मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैच जीते जबकि मध्य जूनियर महिला वर्ग में प्रदेश हॉकी अकादमी और एचआईएम अकादमी अपने-अपने खेल में विजयी रहीं। दिन के पहले मैच में सब जूनियर वर्ग में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर) को 16-0 से हराया। सिंह परिधि (15, 26, 35), भूमि (23, 42, 44), बी अलविना (6, 17), जासिया अंसारी (8, 55), ताहुर नाज़ (11 , 24), सिंह शालिनी (2), बामनिया शिवानी (31), परमार ख्वाहिश (52) और बरसिया शिवानी (57) ने मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के लिए गोल किये। सब जूनियर वर्ग के दूसरे मैच में मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी ने राजा करन हॉकी अकादमी को 4-1 से हराया। मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी के लिए सागर मंशी (25, 48), राजभर रागिनी (53) और तिवारी रानू (56) ने गोल किए, जबकि तनीषा (10) ने राजा करण हॉकी अकादमी के लिए एकमात्र गोल किया।

दिन का तीसरा मैच, जो जूनियर वर्ग का पहला मैच था, में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 8-0 से हराया। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के लिए कटारिया खुशी (13, 16, 35), गुरमेल कौर (33, 48), कैप्टन कुमरे सोनिया (15), स्वाति (22) और गुप्ता पलक (43) ने गोल किए।

दिन के अंतिम मैच में एचआईएम अकादमी ने भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता को 5-0 से हराया। देवी रीमू (12, 15), कप्तान वर्षा (3), शीतल (18) और निहारिका (50) एचआईएम अकादमी के लिए गोल स्कोरर थीं।

## शीतकालीन ओलंपिक 2026 में स्लाइडिंग स्पर्धा इटली के बाहर होगी

मुंबई, 16 अक्टूबर। मिलान-कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक 2026 में स्लाइडिंग स्पर्धाएं इटली के बाहर आयोजित की जाएंगी। मुम्बई में 141वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र की सोमवार को हुई बैठक में मिलान-कोर्टिना 2026 आयोजन समिति के अध्यक्ष जियोवन्नी मलागो ने बोबस्लेय, स्केलेटन और ल्यूज को कॉर्टिना से अन्य विदेशी स्थल पर स्लाइडिंग स्पर्धाएं स्थानांतरित करने के निर्णय की घोषणा की। मैलागो ने आईओसी सत्र में कहा, हाल ही में दो दिन पहले, सरकार ने हमें कॉर्टिना स्लाइडिंग सेंटर के साथ आगे नहीं बढ़ने और स्लाइडिंग सेंटर को पहले से मौजूद और काम करने वाले स्थान पर स्थानांतरित करने के सर्वोत्तम और सबसे टिकाऊ विकल्प पर विचार करने के लिए सूचित किया था। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, मिलानो कॉर्टिना 2026 को इटली के बाहर एक अन्य स्थल की पहचान की जायेगी। उन्होंने कहा, अंतिम अनुमोदन के लिए अपने बोर्ड को विकल्प प्रस्तुत करने से पहले हम आईओसी और अंतरराष्ट्रीय महासंघों के साथ मिलकर सभी संभावित समाधान और विकल्प तलाशने पर काम कर रहे हैं।

## हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला और पुरुष वेस्ट जोन चैम्पियनशिप का खिताब मध्य प्रदेश को

छत्तीसगढ़, 16 अक्टूबर। मध्य प्रदेश ने पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला वेस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में सोमवार को संपन्न चैंपियनशिप में हॉकी मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 3-1 से हरा कर सब जूनियर महिला वर्ग का खिताब जीता। हॉकी महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 8-1 से हराकर खिताब जीता। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ हॉकी तीसरे स्थान पर रही। सब जूनियर महिला वर्ग के फाइनल में छत्तीसगढ़ की सिदार मधु (5) ने पहला गोल किया लेकिन मध्य प्रदेश ने जवाबी हमला करते हुये सुजाता जयंत (43), कनक पाल (53) और तन्वी (60) के गोल की बदौलत निर्णायक बढ़त हासिल की। इस बीच, सब जूनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी को एक तरफा मुकाबले में 8-1 से रौंद दिया। मध्य प्रदेश के लिए आशिर आदिल खान छह गोल (32, 48, 52, 53, 59, 60) किये जबकि सिद्धार्थ बेन (15) और लव (39) ने एक-एक गोल किया। दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी के लिए एकमात्र गोल शर्मा अंकित (32) ने किया।

## विजय वॉरियर्स टीम ने श्री अग्रसेन क्रिकेट लीग जीती

पुणे 16 अक्टूबर। श्री महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सोमवार को विजय वॉरियर्स ने रॉकी इलेवन को छह रनों से हराकर श्री अग्रसेन क्रिकेट लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजय वॉरियर्स टीम ने सात ओवर में 7 विकेट पर 71 रन बनाए। जवाब में रॉकी इलेवन 65 रन पर आउट हो गई। महिला वर्ग में टीम फिटनेस मंत्रा ने ओएसआर स्मैशर्स को हराकर जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में तेजस बंसल मैच ऑफ द प्लेयर्स रहे जबकि महिला वर्ग में सोनिया अग्रवाल मैच ऑफ द प्लेयर्स रहीं। यह टूर्नामेंट 18 समूहों में खेला गया जिसमें 12 पुरुष समूह, 04 महिला समूह और 02 लड़कों के समूह शामिल थे। फाइनल गंगाधाम मार्केट यार्ड के डाउनटाउन मैदान में आयोजित किया गया। फाइनल गंगाधाम मार्केट यार्ड के डाउनटाउन मैदान में आयोजित किया गया।

## नीदरलैंड के साथ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के पास अपने रनरेट में सुधार करने का मौका

धर्मशाला 16 अक्टूबर। आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका अपने रनरेट में सुधार कर तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा। विश्वकप में नीदरलैंड की टीम ने अब तक दो मुकाबले खेले हैं और दोनों मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अपने दोनों मैच में जीत दर्ज की है।

विश्वकप तालिका में दक्षिण अफ्रीका प्लस 2.360 रनरेट के साथ चार अंक है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीता था। अफ्रीकी टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक दो मुकाबलों में दो शतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी में कगिसो रबाडा और केशव महाराज अच्छी लय में हैं। ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका कोई बदलाव करना नहीं करना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक सात मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें छह मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। दोनों टीमों के बीच आखिरी एकदिवसीय मुकाबला इस वर्ष दो अप्रैल को खेला गया था। यह मुकाबला दक्षिण अफ्रीका ने 146 रन से जीता था।

## सोंग काई चीन फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये

बीजिंग, 16 अक्टूबर। वरिष्ठ खेल अधिकारी सोंग काई को सोमवार को चीन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएफए) के 12वें सदस्यता सम्मेलन में अध्यक्ष चुना गया। पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत में खेल प्रशासन के प्रमुख सोंग (58) जून से सीएफए चुनाव के लिए तैयारी समूह के उप प्रमुख के रूप में काम कर रहे हैं। सोंग ने कहा, हम भविष्य में अधिक एकजुट, अधिक मेहनती, अधिक खुला, अधिक पारदर्शी और अधिक साहसी सीएफए विकसित करने का पूरा प्रयास करेंगे। सन वेन, युआन योंगकिंग, यांग जू और जू जिरेन को सीएफए के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया, चीनी महिला फुटबॉल की दिग्गज सन एकमात्र उपाध्यक्ष हैं जो 11वें सदस्यता सम्मेलन से अपने पद पर बनी हुई हैं।

## श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका वर्ल्ड कप से बाहर

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। चमिका करुणारत्ने टीम में शामिल; शाकिब का भारत के खिलाफ खेलना मुश्किल श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका चोट की वजह से वनडे वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने श्रीलंकाई टीम में दसुन शनाका के रिप्लेसमेंट के रूप में चमिका करुणारत्ने को मंजूरी दे दी है। वहीं बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन भी चोट के कारण टीम के अगले कुछ मैच मिस कर सकते हैं। टीम 19 अक्टूबर को पुणे में भारत के खिलाफ खेलने वाली है। शनाका पाकिस्तान के खिलाफ चोटिल हुए थे।

शनाका को 10 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में चोट लग गई थी। टीम में उनकी जगह ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने को शामिल किया गया है। शनाका के दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में चोट लगी है। करुणारत्ने स्टैंडबाय प्लेयर के रूप में टीम के साथ ट्रैवल कर रहे थे और कल यानी सोमवार (16 अक्टूबर) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। श्रीलंका टूर्नामेंट में अपने शुरुआती 2 मैच दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार चुका है। शनाका ने अपने वनडे करियर का आगाज जून 2016 में आयरलैंड के खिलाफ किया था। वह अब तक 69 मैच खेल चुके हैं, 22.93 की औसत और 92.51 की स्ट्राइक रेट से 1,284 रन बनाए हैं।

वह चार अर्धशतक और दो शतक भी लगा चुके हैं। उनका हाइएस्ट स्कोर 108 रन है। वनडे में वह 5.73 की इकॉनमी से 27 विकेट भी ले चुके हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन भी इंजरी के कारण टीम का अगला मैच मिस कर सकते हैं। 13 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ बैटिंग के दौरान उन्हें थाई में इंजरी की शिकायत हुई थी। जिसके बाद वह ठीक से बैटिंग भी नहीं कर पा रहे थे।

## सुब्रतो कप : केरल और चंडीगढ़ क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। एमआईसी इंग्लिश मीडियम स्कूल,मलप्पुरम, केरल और मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंडीगढ़ ने राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्थानों पर खेले जा रहे 62वें सुब्रतो कप इंटर स्कूल इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः ग्रुप बी और ग्रुप ए से क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। केरल ने पूर्व चैंपियन बांग्लादेश क्रिडा शिक्षा प्रतिष्ठान (बीकेएसपी) को 4-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि चंडीगढ़ ने रामकृष्ण मिशन स्कूल,वेस्ट सियांग, अरुणाचल प्रदेश को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। जीडी गोयनका ग्राउंड में, दुर्गा उच्च विद्यालय, बांका, बिहार ने शहीद जवान मुथुकोया मेमोरियल,लक्षद्वीप को 2-0 से और द एमराल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर ने लक्ष्मण ज्ञानपीठ डीएलएसएस, अहमदाबाद को 2-1 से हराया।

## दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का उद्घाटन



ब्यावर, 16 अक्टूबर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, मांगीलाल सोलंकी, मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र विधिक सेवा प्राधिकरण के संजय सिंह गहलोत और प्रधानाचार्य आशा बारेसा द्वारा हुआ । कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया और छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना,स्वागत गीत आदि प्रस्तुत किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी सोलंकी द्वारा खेलकूद में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर खेल शुभारंभ की घोषणा की साथ ही खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन में शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए खेलना बहुत ही जरूरी है । कार्यक्रम को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र ने भी संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अतःस्वस्थ शरीर हेतु खेलना आवश्यक है। संजय सिंह गहलोत ने पिछले वर्ष हुई खेलकूद प्रतियोगिताओ की सराहना करते हुए कहा की खेलकूद के समय खेलने वालों का शरीर और दिमाग दोनों ही सक्रिय रहते है।

प्रधानाचार्य आशा बारेसा ने भी सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्र छात्राओं को आपसी तालमेल और सौहार्दपूर्ण तरिके से खेलने हेतु प्रेरित किया। अतिथि के रूप में उपस्थित राजेंद्र बाड़मेरा ने नस तरंग पर एक प्रस्तुति दी जिसे सभी द्वारा सराहा गया। जिला खेल अधिकारी प्रमोद राय शर्मा ने बताया की प्रथम दिन छात्रों की कबड्डी प्रतियोगिता महात्मा गाँधी स्कूल नूंद्री और छापरो का बाडिया स्कूल के मध्य हुई जिसमे छापरो का बाडिया स्कूल विजयी रही। छात्राओं की छावनी स्कूल और नूंद्री मेन्द्रातान स्कूल के मध्य प्रतियोगिता में छावनी स्कूल विजयी रही। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या निधि चौहान, ज्योति सोमानी, कविता मौर्य, विजय लक्ष्मी सांखला, मनोहर सोलंकी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीताराम प्रजापति ने किया ।

## दर्शक दीर्घा में गिरा बैनर, खेल में पड़ी खलल

लखनऊ 16 अक्टूबर। श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व कप मुकाबले में सोमवार को कुछ समय के लिये व्यवधान पड़ा जब तेज आंधी के बीच एक फ्लैक्सी बैनर उड़कर दर्शक दीर्घा में जा गिरा। दरअसल, श्रीलंका की पारी का 43वां ओवर चल रहा था कि करीब छह बजे स्टेडियम के ऊपरी सिरे पर लगे फ्रेम से उखड़ कर एक हल्का फ्लेक्सी बैनर उड़ कर दर्शक दीर्घा में गिर गया। इससे दीर्घा में अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया और दर्शक गैलरी से बाहर जाते दिखे। यह नजारा देख कर दोनो टीमों के खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गये और इस कारण करीब तीन मिनट तक खेल रूका रहा।

## क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने से बढ़ेगा खेल का कद : शाह

मुबंई 16 अक्टूबर। आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के आईओसी के फैसले का स्वागत करते हुये बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय आयोजन में क्रिकेट की भागीदारी निस्संदेह खेल के वैश्विक कद को बढ़ाएगी। शाह ने सोमवार को जारी बयान में कहा बीसीसीआई क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने के आईसीसी के प्रयासों का कट्टर समर्थक रहा है। हम इस महत्वपूर्ण अवसर को देखकर रोमांचित हैं, जो खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रिकेट को बढ़ावा देने में हमारी सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की पहल भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी के विचार के अनुरूप है। उन्होने कहा भारतीय क्रिकेट टीम के पास अद्वितीय वैश्विक प्रशंसक आधार है और इस प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय आयोजन में उनकी भागीदारी निस्संदेह खेल के वैश्विक कद को बढ़ाएगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 और चीन के हांगझाउ में एशियाई खेल 2022 में क्रिकेट की उपस्थिति सुनिश्चित करने में हमारा योगदान महत्वपूर्ण था। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से इस खेल के लिए नए मोर्चे खुलेंगे। बीसीसीआई सचिव ने कहा हमारा अनुमान है कि इस निर्णय से महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलेगा और हमारे खेल के इको-सिस्टम पर गहरा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह ढांचागत विकास को बढ़ावा देगा, प्रतिस्पर्धा को तेज़ करेगा, युवा विकास को बढ़ावा देगा और अधिकारियों एवं पेशेवरों के लिए अवसर पैदा करेगा।

## शंघाई मास्टर्स के पुरुष युगल के फाइनल में रोहन बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी हारी

शंघाई 16 अक्टूबर। चीन में हो रहे शंघाई मास्टर्स के पुरुष युगल के फाइनल में रोहन बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन शंघाई मास्टर्स में रविवार को फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना किझोंग में हुए फाइनल में स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस से 7-5, 2-6, 7-10 से हार गयी।

## क्रिकेट सहित पांच खेल लॉस एंजिल्स 2028 में शामिल



मुंबई 16 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट (टी20) सहित बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को शामिल किये जाने की सोमवार को औपचारिक घोषणा की।

आईओसी के 141वें सत्र की बैठक में समिति ने आज महिला पुरुष क्रिकेट (टी20) बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेल में शामिल किये जाने को लेकर आईओसी सदस्यों मतदान किया।

आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा कि समिति के 99 सदस्यों में से केवल दो सदस्यों ने पांच खेलों को लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में शामिल किये जाने के प्रस्ताव का विरोध किया और एक ने मतदान में भाग नहीं लिया। पांचों खेलों को शामिल किये जाने की घोषणा के साथ ही ये खेल लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल के कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इसके पहले 1900 के ओलंपिक में केवल एक बार क्रिकेट खेला गया था। आईओसी ने सीमित ओवरों के क्रिकेट के महिला और पुरुष ट्वेंटी-20 फॉर्मेट को शामिल किये जाने की मंजूरी दी गई है।

फ्लैग फुटबॉल अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है, पांच टीमों के लिए अमेरिकी फुटबॉल का एक गैर-संपर्क संस्करण है। बेसबॉल-सॉफ्टबॉल को हाल ही में टोक्यो 2020 के ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था, जहां मेज़बान जापान ने दोनों स्वर्ण पदक जीते थे।

## मिचेल स्टार्क की इस हरकत पर क्यों हो गए सब फिदा

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया वर्सेस श्रीलंका मैच में मिचेल स्टार्क ने कुछ ऐसा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तमाम क्रिकेट फैन्स इसके लिए मिचेल स्टार्क की जमकर तारीफ भी कर रहे हैं और उनकी खेलभावना को सलाम भी कर रहे हैं। श्रीलंका के लिए कुसल परेरा और पथुम निसांका ने पारी का आगाज किया और मैच के पहले ही ओवर में मिचेल स्टार्क ने खुशी-खुशी कुसल परेरा को जीवनदान भी दे दिया। दरअसल स्ट्राइक पर निसांका थे और कुसल परेरा नॉन स्ट्राइकर एंड पर थे। पहले ही ओवर में वह गेंद फेंकने से पहले ही क्रीज से निकल जा रहे थे। स्टार्क ने इस बात को नोटिस किया और फिर उन्हें मांकड़िंग तरीके से रनआउट करने को लेकर चेतावनी भी दे डाली। स्टार्क इससे पहले भी ऐसा कर चुके हैं, वह किसी भी बल्लेबाज को नॉन स्ट्राइकर एंड पर मांकड़िंग अंदाज में रनआउट करने के पक्ष में नहीं रहते हैं और यही वजह है कि वह बैटर को वॉर्निंग दे देत हैं। उनका यह वीडियो आईसीसी ने इंस्टाग्राम पर शेयर भी किया है। खैर इस तरह से कुसल परेरा को पहले ही ओवर में जीवनदान मिल गया और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया।





पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को टैरिटोरियल आर्मी (प्रादेशिक सेना) में कैप्टन से मेजर के पद पर प्रमोशन के लिए हुई परीक्षा में भाग लिया। एग्ज़ाम का रिजल्ट आगामी कुछ दिनों में आ जायेगा। इसमें सफल होने के बाद पायलट टैरिटोरियल आर्मी में कैप्टन से मेजर पद पर प्रमोट हो जायेंगे। इस मौके पर पायलट सेना की अधिकारिक यूनिफॉर्म में नज़र आये। उन्होंने दिल्ली कैंट में प्रमोशन परीक्षा में शामिल होने के बाद अपनी यूनिट के अन्य अफसरों से मुलाकात की और पायलट ने अपनी यूनिट के अफसरों के साथ काफी समय बिताया, अफसरों ने पायलट के साथ कई तस्वीरें भी खिंचवाईं।

# भाजपा की दूसरी लिस्ट तय करने के लिए दिल्ली में आज केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी

## बैठक में चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी सहित सभी वरिष्ठ नेता व पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे

■ **पहली लिस्ट जारी होने के बाद से ही हर तरफ भारी विरोध हो रहा है, इसलिए दूसरी लिस्ट में पार्टी नेतृत्व पूरी सावधानी बरतना चाहता है।**

जयपुर, 16 अक्टूबर (का.सं.)। प्रदेश भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद लगभग चौतरफा विरोध दिखाई दे रहा है। अब भाजपा की दूसरी सूची के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक मंगलवार को दिल्ली में आयोजित की जाएगी। भाजपा के दिल्ली मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में राजस्थान भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक होगी । बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष भी मौजूद रहेंगे ।

राजस्थान से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रभारी विजया राहटकर, चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, सह प्रभारी कुलदीप बिश्नोई, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी , नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां आदि बैठक में मौजूद रहेंगे।

इस बैठक में, पहली सूची के बाद प्रदेश में लगभग सभी सीटों को लेकर हो रहे चौतरफा विरोध को कम करने पर चर्चा की जाएगी। वहीं, दूसरी सूची के नामों पर भी एक एक करके चर्चा की जाएगी। उसके बाद ही दूसरी सूची जारी होगी।

हालांकि, माना जा रहा है कि, कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद भाजपा अपनी दूसरी सूची जारी करेगी। गौरतलब है कि, पिछले दिनों भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं द्वारा दूसरी सूची के नामों को लेकर प्रदेश में कई स्तरों पर मंथन हुआ, अब उसके बाद प्रदेश के कोर ग्रुप के नेताओं द्वारा दूसरी सूची के नाम का पैनल मंगलवार को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति को सौंपा जाएगा।

इस बैठक में लगभग 50 सीटों पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है कि, 70 साल की आयु सीमा पार कर चुके नेताओं, तीन या चार बार जीत चुके विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं। इस बार भाजपा द्वारा महिलाओं को पहले के मुकाबले ज्यादा संख्या में टिकट देकर मौका देने की संभावना भी हैं।

प्रदेश से कई सांसदों को पहली सूची में शामिल किया गया है और अब दूसरी सूची में भी सांसदों के नाम आने की संभावना हैं। भाजपा की पहली सूची में कई ऐसे बदलाव देखने को मिले जो आश्चर्यचकित करने वाले थे। कहा जा रहा है कि, अब ये बदलाव दूसरी सूची में भी देखने को मिल सकते हैं। माना जा रहा है कि, बड़े नेताओं का टिकट काटा जाएगा और नए युवा चेहरों पर भाजपा दांव खेलेगी।

# 'हमारे देश की 98 फीसदी संपत्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दोस्त लूट रहे हैं'

## ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट के लिए कांग्रेस के जन जागरण अभियान का बारां से शुभारंभ करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला

■ **खड़गे ने कहा, उद्योगपतियों के 13 से 14 हजार करोड़ के लोन माफ हो जाते है, पर, किसानों पर लाठी-गोली चलवाई जाती है।**

■ **खड़गे ने जात आधारित जनगणना करने की मांग दोहराई और कहा कि, गरीबों को उनका हिस्सा मिलना ही चाहिए।**

कोटा, 16 अक्टूबर (निसं)। ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट (ई.आर.सी.पी.) के लिए कांग्रेस के जन जागरण अभियान की शुरुआत सोमवार से बारां से हुई। अभियान का शुभारंभ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया। इसके तहत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने लाल डायरी का भी जिक्र किया। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान आए थे तब उन्होंने लोगों से कहा था कि लाल डायरी में क्या-क्या घोटाला है। मैं पीएम मोदी को जवाब देना चाहता हूं कि लाल डायरी में लिखा हुआ है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान के सरकार के किए काम की तरफ नहीं देखते हैं लाल, पीली व काली डायरी की बात करते हैं। क्योंकि यह हमारे कामों की आलोचना नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा, बीजेपी जात-पात के नाम पर बांटने वाली है, जबकि हम तो देश को एक करने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं। भाजपा के नेता दूसरी पार्टियों के नेताओं पर टीका-टिप्पणी करते हैं। जबकि खुद सोने के चम्मच से खाना खाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते दिनों पार्वती की कुंड के दौरे पर भी तंज कसते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जिस तरह से हाथी के दांत खाने के एक और दिखाने के और होते हैं। इसी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी हालात हैं।

खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी अशोक गहलोत के नेतृत्व की सरकार को ज़ीरो नंबर देने की बात कहते हैं। मैं पूछता हूं कि किसानों को फायदा पहुंचाया, उनका कर्ज माफ किया. गरीबों से किए वायदे निभाए, इसीलिए ज़ीरो नंबर मिला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस पर बोलने का हक नहीं है क्योंकि उन्होंने अमीर और गरीबों के बीच में खाई बढ़ाई है। हमारे देश के 98 फीसदी संपत्ति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोस्त लूट रहे हैं। उद्योगपतियों के 13 से 14 हजार करोड़ रुपए के लोन माफ होते हैं। किसानों का कर्ज माफ करने पर लाठी और गोली चलवाते हैं किसान आंदोलन में उन्होंने 750 किसानों को उन्होंने मरवा दिया।

खड़गे ने मांग की है कि बैकवर्ड क्लास के लोगों के लिए जनगणना होनी चाहिए और गरीबों को उनका हिस्सा मिलना चाहिए। हम किसी को नुकसान नहीं करना चाहते हैं।

यह किसी कौम को अलग नहीं रखना चाहते हैं। हम एकजुट होकर चलना चाहते हैं। जिस तरह से एससी एसटी को मिला वैसा ही जनगणना के आधार पर बैकवर्ड क्लास को भी मिलना चाहिए।

महिला रिजर्वेशन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई के चलते ही दलित और महिलाओं को रिजर्वेशन मिला है। इसी के चलते ग्राम पंचायत से लेकर तालुका और जिला पंचायत तक महिला और एससी एसटी के लोग अध्यक्ष बने हैं। हम यही बिल संसद में लाने वाले थे लेकिन बीजेपी वालों ने ही इसे फैल करवा दिया था।

खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा कोशिश करती है कि जहां पर उनकी मैजॉरिटी नहीं है वहां पर सरकार गिराओ। फिर भाजपा को लेकर आओ वैसा ही राजस्थान में कर रहे थे लेकिन यहां के एमएलए, लीडर, मुख्यमंत्री सब मिलकर गिरती हुई सरकार को बचा रहे थे। आज कई सारी स्कीम आ रही है क्योंकि यह सरकार बच गई है। अगर चली जाती तो, फिर उनके हाथ में चला जाता तो राजस्थान में कुछ भी नहीं होता। भाजपा ने कर्नाटक, गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में सरकार गिराई है। जो चुनकर आता है, उसको खरीदकर ये सरकार बना लेते हैं।



कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य से सोमवार को आई खबर ने वन्यजीव प्रेमियों के मन को खुशी से भर दिया। यहाँ बाघिन टी-135 ने दो शावकों को जन्म दिया है। अभयारण्य के डिविज़नल फॉरेस्ट ऑफिसर नाहर सिंह ने बताया कि, बाघिन टी-135 के दो शावकों को वन्यजीव कर्मियों ने कैमरा में कैद किया है। विभाग ने शावकों की सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये हैं और उनकी गतिविधियों पर पूरी मुस्तैदी से नज़र रखी जा रही है। शावकों की देखभाल के लिए वन्यजीव कर्मियों की दो टीमें लगाई गई हैं। गौरतलब है कि, कैलादेवी अभयारण्य में तीसरी बार शावकों का जन्म हुआ है। इस बात से यह उम्मीद की जा रही है कि, जल्द ही अभयारण्य में और भी शावकों का जन्म हो सकता है। बाघिन टी-135 इससे पहले भी दो शावकों को जन्म दे चुकी है।

## क्या महुआ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अडानी ग्रुप की अनियमितताओं के नए आरोपों की खबर प्रकाशित होने के कुछ दिन बाद से ही यह थ्योरी प्रबल होती जा रही है कि, सत्तारूढ़ पार्टी अडानी ग्रुप के खिलाफ उठ रही मज़बूत आवाज़ों को दबाना चाहती है। मोइत्रा के खिलाफ जांच की मांग करते हुए, स्पीकर को लिखे गए दुबे के पत्र के बाद से मोइत्रा के निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक फोटो में महुआ मोइत्रा को पश्चिमी लिबास में तथा एक अन्य फोटो में कांग्रेस नेता शशि थरुर के साथ जाम टकराते दिखाया गया है। अन्य तस्वीरों में, एक में मोइत्रा के मुँह में सिगार नज़र आ रहा है। टी.एम.सी. प्रवक्ता शुभांकर भट्टाचार्य ने कहा, "एक महिला सांसद के विरुद्ध ऐसी अश्लीलता तथा अनुचित टिप्पणियाँ निन्दनीय हैं। यदि, भाजपा सांसद के पास अपने आरोपों से संबंधित सबूत हैं, तो उन्हें वो जानकारी पेश करनी चाहिए। वैसे भी, भाजपा को मोइत्रा द्वारा अडानी ग्रुप की अनियमितताओं को लेकर बार-बार उठाए गए बिन्दुओं के जवाब देने चाहिए। क्या अडानी के विरुद्ध प्रश्न पूछना गलत है?"

जहाँ, ये अफवाहें गर्म हैं कि, महुआ मोइत्रा जेल जाने वाली अगली सांसद होंगी, वहीं, यह धारणा भी मजबूत हो रही है कि, सत्तारुढ़ पार्टी अडानी के आलोचकों का मुँह बंद करना चाहती है।

## देवजी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जीवाराम चौधरी व पूर्व प्रत्याशी दानाराम चौधरी का हमेशा पूर्ण सहयोग रहा है। क्षेत्र के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का दोनों नेताओं को पूर्ण समर्थन प्राप्त है।

गौरतलब है कि, करीब पांच दिन पहले कुछ अज्ञात हमलावरों ने बीच रास्ते में घेरकर सांसद देवजी पटेल और उनके काफिले की गाड़ियों पर हमला कर दिया था। हमलावरों ने सांसद देवजी पटेल की कार व काफिले की अन्य छः गाड़ियों पर जमकर पथराव किया था तथा चारों और से घेर लिया था। देवजी पटेल को टिकट दिये जाने की घोषणा होने के तुरंत बाद से ही भाजपा में गुटबाजी लगातार खुलकर सामने आ रही है। ज्ञातव्य है कि, रविवार को सांचौर के छः भाजपा विधानमंडल अध्यक्षों ने भी इस्तीफा दे दिया था।

## बी.टी.पी. ने जारी की 9 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

■ **बी.टी.पी. के प्रदेशाध्यक्ष वेलाराम घोघरा ने कहा कि, उनकी पार्टी 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।**

उदयपुर, 16 अक्टूबर (कासं)। भारतीय ट्राईबल पार्टी (बीटीपी) ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 9 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। बीटीपी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. वेलाराम घोघरा के अनुसार उनकी पार्टी इस बार राजस्थान में 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

डॉ. वेलाराम घोघरा ने बताया कि उदयपुर जिले में खेरवाड़ा सीट पर प्रवीण परमार, झाड़ोल से डॉ. देव डामोर, सलूंबर से प्रकाश खराड़ी, बांसवाड़ा के बागीदौरा सीट से बसंत गरासिया, कुशलगढ़ से देवचंद मावी, डूंगरपुर की चौरासी सीट से रणछोड़ तबियाड, बाड़मेर की शिव सीट से तगाराम भील, झालावाड़ जिले की मोरथला सीट से राजकुमार कटारा, पाली की बाली सीट से मुगलाराम को प्रत्याशी बनाया है।

## कांग्रेस ने मिजोरम में प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की

■ **मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा में से 39 प्रत्याशियों के नाम कांग्रेस ने घोषित कर दिये हैं। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ नेता ललथनवाला को इस बार टिकट नहीं दिया है।**

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर (वार्ता)। कांग्रेस ने मिजोरम की 40 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम को संस्तुति दी है।

मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों में से 39 के लिए कांग्रेस ने नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष लाल सवता को एजल दक्षिण-3 से उम्मीदवार बनाया है। वरिष्ठ नेता ललसावता को एजल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है जबकि एजल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले को, एजल पश्चिम-1 से आर ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ नेता ललथनवाला को इस बार टिकट नहीं दिया है।

पिछले दिनों उन्हें कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी का सदस्य बनाया गया था। समझा जा रहा है कि उनकी सेहत को देखते हुए पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म होगा। मिजोरम विधानसभा के लिए सात नवंबर को मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है।

## चुनावी मौसम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाले हैं। यह जानकारी कोल मंत्रालय के एक कार्मिक ने दी।

छत्तीसगढ़ में पारसा ईस्ट और कांता बासान ब्लॉक में प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन होता है और इसका स्वामित्व राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के पास है।

पर्यावरण मंत्रालय ने गत वर्ष फरवरी में इसके दूसरे चरण में 1898.328 हैक्टेयर भूमि का गैर-वनीय उपयोग करने की अनुमति दे दी थी। खनन कार्य जारी रखने के लिए 14 हैक्टेयर वन भूमि में पेड़ों की कटाई और भूमि सौंपना आवश्यक है।

141 हैक्टयर वन भूमि में से केवल 43.63 हैक्टेयर ही पेड़ काटकर साफ हुई है जबकि 91.21 हैक्टेयर अभी तक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोयला उत्पादन के लिए सौंपना बाकी है।

कार्मिक ने बताया कि केन्द्र और राजस्थान सरकार द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ सरकार को निवेदन करने का कोई नतीजा नहीं निकला है। उनका कहना है कि आश्चर्य यह है कि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है फिर भी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री चुनाव के मौसम में भी राजस्थान में बिजली के संकट की चिंता नहीं कर रहे हैं।

# कैलादेवी अभ्यारण क्षेत्र में बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया

## यह तीसरा मौका है जब यहां किसी बाघिन ने प्रज़नन किया है

■ **बाघिन टी-135 को शावकों के साथ कैमरा में ट्रैप किया गया है।**

■ **वन विभाग ने बाघिन व शावकों की सुरक्षा के लिए दो टीमें गठित की हैं।**

करौली, 16 अक्टूबर (निसं) कैलादेवी वन्य जीव अभ्यारण क्षेत्र से वन प्रेमियों को खुशखबरी मिली है। कैलादेवी अभयारण क्षेत्र में बाघिन टी-135 ने दो शावकों को जन्म दिया।

डिविजन फॉरेस्ट ऑफिसर नाहर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, सपोटरा उपखंड की रेंज नैनिया की में बाघिन टी 135 ने दो शावकों को जन्म दिया है जिनको कैमरा में कैद किया गया है। उन्होंने बताया कि, शावकों की सुरक्षा व देखरेख के लिए काफी प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे विभाग के कार्मिकों की दो टीम गठित कर उनकी सुरक्षा एवं देखरेख के लिए लगाई गई है। साथ ही फ्लाइंग स्कॉट टीम भी लगाई गई है एवं कैमरा ट्रैप भी लगाए गए हैं तथा शीघ्र ही टैग भी लगाया जाएगा। कैलादेवी अभ्यारण क्षेत्र में बाघ टी-135 के दो शावकों को जन्म देने से अब अभ्यारण क्षेत्र में टाइगरों की संख्या बढ़ने की संभावना है। गौर फरमाने वाली बात यह है कि तीसरी बार कैलादेवी अभयारण्य क्षेत्र में शावकों का जन्म हुआ है इससे पूर्व दो बाघिन शावकों को जन्म दे चुकी हैं।

## पवन खेड़ा की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के लिए लगाई है जिसमें उन पर एक संवाददाता सम्मेलन में मोदी के नाम के गलत इस्तेमाल का आरोप है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 अगस्त को कांग्रेस प्रवक्ता की अपराधिक शिकायत ओर उनके विरुद्ध चल रही कार्रवाई निरस्त करने की याचिका खारिज कर दी थी जिस वजह से सुप्रीम कोर्ट में अपील करनी पड़ी।

जस्टिस बी.आर. गवई और प्रशांत कुमार मिश्रा ने निजी शिकायतकर्ता उत्तर प्रदेश के भाजपा विधायक मुकेश शर्मा को भी नोटिस जारी किया।

खेड़ा ने कहा था, "यदि नरसिम्हा राव संयुक्त संसदीय समिति गठित कर सकते थे, यदि अटल बिहारी वाजपेयी कर सकते थे तो नरेन्द्र गौतम दास .... सॉरी दामोदर दास मोदी को क्या समस्या है?" बाद में उन्होंने एक सहयोगी से बात कर बीच के नाम की पुष्टि की। भाजपा ने आरोप लगया कि खेड़ा ने जानबूझकर नाम गलत बोला था।

खेड़ा को 23 फरवरी को दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया जब व ए.आई.सी.सी. की बैठक के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर जा रहे थे। उन्हें विमान से उतार कर असम पुलिस उनके विरूद्ध दर्ज एक एफ.आई.आर. के सिलसिले में ले गई।

खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई जिसने उन्हें अंतरिम राहत दी और आदेश दिया कि उनके विरूद्ध उत्तर प्रदेश और असम में दर्ज मुकदमों को एक साथ कर लखनऊ स्थानांतरित कर दिया जाये।

# समलैंगिक विवाह वैध या अवैध, सुप्रीम कोर्ट आज फैसला सुनायेगा

■ **मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 11 मई 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था**

■ **याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि, समलैंगिक विवाह को मान्यता न देना समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा के अधिकारों का उल्लंघन है।**

■ **केंद्र सरकार ने याचिकाकर्ताओं का पुरजोर विरोध किया था। सरकार ने दलील देते हुए कहा था कि याचिकाकर्ताओं की मांग को अनुमति देने से व्यक्तिगत कानूनों के मामले में बेहद खराब स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।**

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की गुहार लगाने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ अपना फैसला सुनाएगी।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट, न्यायमूर्ति हेमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 11 मई 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि समलैंगिक विवाह को मान्यता न देना समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा के अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया कि शीर्ष अदालत को इस समुदाय की सामाजिक सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी लाभों तक पहुंच के लिए उचित निर्देश भी पारित करने चाहिए।

केंद्र सरकार ने याचिकाकर्ताओं का पुरजोर विरोध किया था। सरकार ने दलील देते हुए कहा था कि याचिकाकर्ताओं की मांग को अनुमति देने से व्यक्तिगत कानूनों के मामले में बेहद खराब स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।

अदालत में सरकार ने यह भी कहा था कि इस विषय को विधायिका द्वारा (केवल इसके व्यापक परिणामों के कारण) ही संभाला जा सकता है। केंद्र सरकार ने यह भी दावा किया था सिर्फ सात राज्यों ने समलैंगिक विवाह के मसले पर उसके सवाल का जवाब दिया है। इनमें राजस्थान, आंध्र प्रदेश और असम ने ऐसे विवाहों के लिए कानूनी मंजूरी की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के तर्क का विरोध किया है।

शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील, ए एम सिंघवी, राजू रामचंद्रन, के वी विश्वनाथन (अब उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत), आनंद ग्रोवर और सौरभ किरपाल ने 21 याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा।

## हेमाराम चौधरी को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हजारों की तादाद में आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडाल में हाथ खड़ा करते हुए हेमाराम चौधरी का समर्थन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जन प्रतिनिधियों ने हेमाराम चौधरी से कहा कि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग एवं जनता की मांग को देखते हुए अपनी जिद छोड़ दें। शाम साढ़े छह बजे तक कार्यकर्ताओं ने हेमाराम चौधरी को मनाने का काम किया। लेकिन चौधरी अपनी जिद पर अड़े रहे।

पूर्व में भी विधानसभा चुनावों में हेमाराम चौधरी ने चुनाव लडने से मना किया था। लेकिन क्षेत्र की जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिद के कारण चुनाव लड़ा था। इस बार चौधरी खुले मंच पर हर बार सम्बोधन में चुनाव नहीं लड़ने की बात कह रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की सैकंड लाइन के उम्मीदवार , धोरीमना के पूर्व प्रधान ताजाराम चौधरी उम्मीदवारी का दावा करते नजर आ रहे हैं। अब देखना है कि कांग्रेस पार्टी किसको टिकट देगी। हेमाराम चौधरी की क्षेत्र में भारी लोकप्रियता है और उन्हें जनता का समर्थन भी प्राप्त है। साथ ही इस क्षेत्र में हेमाराम चौधरी के अलावा कोई भी भाजपा प्रत्याशी को टक्कर नहीं दे सकता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908